शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 43 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 09 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 23 लोग नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से सम्मानित

## आरजे रौनक, जया किशोरी, मैथिली ठाकुर... नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारत मंडपम में मैथली ठाकुर, जया किशोरी सहित कई युवा हस्तियों को राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार से सम्मानित किया।

**पीएम मोदी ने मैथिली ठाकुर को दिया पुरस्कार**
पीएम मोदी ने लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर को सांस्कृतिक राजदूत वर्ष पुरस्कार दिया। वहीं, उन्होंने जया किशोरी को सामाजिक परिवर्तन के लिए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार का पुरस्कार प्रदान किया। पीएम मोदी ने इस दौरान डू हिक्स को भी सम्मानित किया। उन्होंने डू हिक्स को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार प्रदान किया।

**नमन देशमुख को मिला शिक्षा श्रेणी में पुरस्कार**
प्रधानमंत्री मोदी ने गेमिंग श्रेणी में निश्चय को सर्वश्रेष्ठ क्रिएटर का पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य और फिटनेस क्रिएटर का पुरस्कार अंकित बैयानपुरिया को मिला। पीएम मोदी ने शिक्षा श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रचनाकार का पुरस्कार नमन देशमुख को दिया।

**युवा हस्तियों से क्या बोले पीएम मोदी**
प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि जब समय बदलता है, जब नए युग की शुरूआत होती है तो उसके साथ कदम से कदम मिलाना ये देश का दायित्व होता है। आज भारत मंडपम में देश अपने उस दायित्वों को पूरा कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आप वो लोग हैं जिन्होंने अपने लिए जगह बनाई है और यही कारण है कि आप भारत मंडपम में हैं। यही वह जगह है जहां जी-20 का आयोजन किया गया था।



## कंटेंट क्रिएटर्स के लिए मोटिवेशन बनेगा ये अवॉर्डः पीएम मोदी



पीएम ने कहा कि भारत भारत का भविष्य आज कैसे निर्मित हो, इस पर चर्चा करने के लिए आप सभी यहां एकत्र हुए हैं। जब नए युग की शुरूआत होती है तो उसके साथ कदम से कदम मिलाना ये देश का दायित्व होता है। आज भारत मंडपम में देश अपने उस दायित्वों को पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में ये अवॉर्ड कंटेंट क्रिएटर्स के लिए बहुत बड़ा मोटिवेशन बनेगा। उनके काम को एक बहुत बड़ी पहचान मिलने वाली है। आज जिन्हें ये अवॉर्ड मिले हैं उन विजेताओं को बधाई देता हूं।

**मैं समय को भांप लेता हूंः प्रधानमंत्री**
उन्होंने कहा कि आज एक और संयोग है कि ये पहला नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर आयोजित हो रहा है और मेरे काशी में तो शिव जी के बिना कुछ नहीं चलता है। पीएम मोदी ने कहा कि ये ईश्वर की कृपा है, कि मैं समय से पहले समय को भांप लेता हूँ। उन्होंने कहा कि आज इस पुरस्कार की शुरूआत हुई है और ये पुरस्कार आने वाले समय में बहुत महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार इस नए युग को ऊजार्वान बना रहे हैं।

**पीएम मोदी ने अवॉर्ड विजेताओं को दी बधाईः** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भविष्य में नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड कंटेंट क्रिएटर्स के लिए बहुत बड़ा मोटिवेशन बनेगा।

## ...ये 140 करोड़ भारतीयों की गारंटी है

**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड' समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए अगले साल शिवरात्रि पर ऐसा ही कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि अगले शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम मैं ही करूंगा। इस बीच, भारत मंडपम में मौजूद लोगों ने 'अबकी बार 400 पार' का जमकर नारा लगाया। ऐसे में



पीएम मोदी ने कहा कि यह मोदी की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की गारंटी है।
पीएम मोदी ने पहले कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा को 370 सीटें मिलेंगी और राजग की सीटें 400 के पार जाएगी। यह देखते हुए कि लोकसभा चुनाव समीप हैं, पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं कि अगली शिवरात्रि पर, शायद किसी और तारीख पर, मैं ही ऐसे कार्यक्रम की अध्यक्षता करूंगा।

**'देश की जनता ही मेरा परिवार'**
पीएम मोदी ने कहा कि आप सब मेरे परिवार हैं, 140 करोड़ देशवासी मेरे परिवार हैं। मुझे ज्यादा मेरे लिए आप मरते हैं, क्योंकि आपके लिए मैं जीता हूं और जो अपने लिए नहीं जीता है, उसके लिए मरने वाले बहुत होते हैं।
उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता उनका परिवार है।

## मप्र में महाशिवरात्रि की धूम, 7.35 लाख श्रद्धालुओं ने किए भगवान महाकाल के दर्शन

**भोपाल**
मध्य प्रदेश में शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रदेशभर के शिव मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। उज्जैन के महाकाल मंदिर से लेकर ओंकारेश्वर, रायसेन के भोजपुर मंदिर और सीहोर में पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम तक में लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। उज्जैन में ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर के पट रात ढाई बजे ही पट खुल गए थे। भस्म आरती के साथ ही मंदिर में सुबह से ही लाखों श्रद्धालुओं के आने का दौर चालू रहा, जो शनिवार दोपहर तक यानी 44 घंटे लगातार जारी रहेगा। प्रातः चलित भस्मारती में लगभग 40 हजार दर्शनार्थियों ने दर्शन किए।
रात 10 बजे तक लगभग 7 लाख 35 हजार दर्शनार्थियों ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए। अभी भी दर्शनार्थियों के दर्शन हेतु आने का सिलसिला जारी है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि शुक्रवार सुबह महाशिवरात्रि महापर्व पर भस्मारती के लिए भगवान महाकाल के मंगल पट रोज की तुलना में डेढ़ घंटे पहले रात 2:30 बजे खोले गए, जिसके बाद भस्मारती उपरांत सुबह 7:30 से 08:15 द्द्योदक आरती, 10:30 से 11:15 तक भोग आरती के पश्चात दोपहर 12 बजे से उज्जैन तहसील की ओर से बाबा महाकाल की शासकीय पूजा-अभिषेक किया गया।

## एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ीं, एफआईआर दर्ज

**गुरुग्राम**
**यूट्यूबर** एल्विश यादव अब नए केस में फंसते दिख रहे हैं। एल्विस पर एक यूट्यूबर से मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। उनके साथ कुछ अन्य लोगों ने यहां सेक्टर 53 इलाके के एक शॉपिंग मॉल में दिल्ली के एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। हमले का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

**जान से मारने की दी धमकी**
दिल्ली निवासी शिकायतकर्ता सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न ने यह भी दावा किया कि यादव ने "उसकी रीढ़ की हड्डी तोड़ने की कोशिश की" और उसे जान से मारने की धमकी दी। ठाकुर एक कंटेंट क्रिएटर हैं, जिनके यूट्यूब पर 1.6 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं, इंस्टाग्राम पर 8,90,000 फॉलोअर्स हैं और एक्स पर 2,50,000 फॉलोअर्स हैं।

## अब यूपी के सभी घर होंगे रोशन, ढाई लाख घरों में जल्द पहुंचेगी बिजली

**लखनऊ**
**प्रदेश के ब**चे हुए 19,449 मजरों के 2,51,487 घर जल्द बिजली से रोशन हो जाएंगे। इन घरों में अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं है।
अब इनमें बिजली आने से पूरे प्रदेश में कोई घर ऐसा नहीं होगा जहां बिजली न हो। बिजली की व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार ने 917 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए हैं। अब इन घरों में भी उजाला होगा और अंधेरा खत्म होगा। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की ओर से उत्तर प्रदेश को बड़ी राहत दी गई है।

**ऊर्जा मंत्री ने पीएम मोदी का जताया आभार**
ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने केंद्र सरकार के



इस निर्णय पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि वाले दिन केंद्र ने बचे हुए घरों को भी रोशन करने का जो निर्णय लिया है, वह स्वागत योग्य है।
केंद्र से धनराशि मिलते ही यहां पर बिजली कनेक्शन देने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश के अविद्युतिकृत ग्रामीण इलाकों, गांवों, मजरों आवासों में बिजली पहुंचने से गरीब, वंचित और पिछड़े लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी।

## एक क्लिक में निकल जाएगी सहकारिता की पूरी कुंडली: शाह

**नई दिल्ली**
हजारों लोगों के दो वर्षों के कठिन एवं लगातार परिश्रम के बाद सहकारिता क्षेत्र की गतिविधियों की सारी जानकारियों के लिए डिजिटल आधारित डाटाबेस तैयार किया गया है। इसके माध्यम से सहाकारिता क्षेत्र की सारी सूचनाएं एवं गतिविधियां एक क्लिक पर ही आसानी से मिल जाएंगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस पोर्टल का लोकार्पण और 'राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस-2023: एक रिपोर्ट' का विमोचन किया।



**75 वर्ष बाद इतना बड़ा काम हुआ**
इस दौरान पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वह साहसिक फैसले लेते हैं और उन्हें अंजाम तक भी पहुंचाते हैं। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 75 वर्ष बाद इतना बड़ा काम हुआ है। यह डाटाबेस सहकारिता के विकास, विस्तार और आपूर्ति को कंपास की तरह दिशा दिखाएगा। जिन क्षेत्रों में सहकारी समितियां कम या कमजोर हैं, उसकी पहचान कर विस्तार में मदद करेगा।

**अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग**
पोर्टल के जरिये छोटी सहकारी संस्थाएं अपने विस्तार के लिए मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगी। इसे अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर बनाया गया है। इसमें गांवों को शहरों से, मंडियों को ग्लोबल मार्केट से और राज्यों को अंतर्राष्ट्रीय संपर्क से जोड़ने की संभावना मौजूद है। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ने साहसिक फैसला लेकर उसे अंजाम तक पहुंचाते हुए अलग मंत्रालय बनाया। सभी पैक्स का कंप्यूटरीकरण हो गया है।

## आप का अभियान शुरू- 'संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल'




**नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अभियान शुरू कर दिया। पार्टी ने इसके लिए संसद में भी केजरीवाल तो दिल्ली होगी और खुशहाल स्लोगन जारी किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व चारों उम्मीदवार मौजूद रहे। इस मौके पर केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन के सातों उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए कहा कि वे अकेले उपराज्यपाल व केंद्र सरकार से लड़ रहे हैं। दिल्ली में भाजपा, उपराज्यपाल व केंद्र सरकार उनके सभी काम रोकने की कोशिश करते हैं। ये दिल्ली के दो करोड़ लोगों से नफरत करते हैं। तीन बार यहां आप की सरकार बनने से ऐसा किया जा रहा है। छह-सात साल पहले जब वह मोहल्ला क्लीनिक बना रहे थे, तो भाजपा शासित एमसीडी ने इसे तोड़ दिया था। जब सीसीटीवी कैमरे लगाने चालू किए, तो उपराज्यपाल ने फाइल रोक दी। इसके लिए उपराज्यपाल के घर में 10 दिन तक धरना देना पड़ा था। इसके बाद फाइल मंजूर हुई। मोहल्ला क्लीनिक की बिजली काट दी। किराया व दवाइयां रोककर जांच भी बंद कर दी। आप सरकार हर घर को राशन देना चाहती थी, लेकिन इसकी भी फाइल रोक ली गई। योग की कक्षाएं बंद कर दीं। सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को बचाने के लिए लागू योजना फरिश्ते रोकी गई। इसके लिए अदालत तक जाना पड़ा। इतना निर्दयी कौन हो सकता है जो गरीबों का इलाज बंद कर दे। जब यह सब हो रहा था, तब सातों सांसद तालियां बजा रहे थे।

## कांग्रेस में पीएम मोदी जैसे मजबूत नेता की कमी: पूर्व सीएम की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल

**तिरुअनंतपुरम**
कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं पूर्व मुख्यमंत्री करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर बड़ा बयान देते हुए कांग्रेस की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री मोदी जैसे मजबूत नेता की कमी है। भाजपा में शामिल होने के बाद केरल



लौटी पद्मजा का शुक्रवार को हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। वहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पद्मजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहने का उन्हें दुख है, लेकिन वह वहां अपमानित हो रही थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में समस्याओं का सामना करने के बाद भी वे लंबे समय तक कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ी रहीं। फिर पीएम मोदी की कार्यशैली देखकर उन्हें लगा कि हर पार्टी को पीएम मोदी जैसे मजबूत नेता की जरूरत है। कांग्रेस के पास ऐसे नेता की कमी है। यह सब देख कर ही उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पद्मजा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर कई गंभीर आरोप लगाए।

## मणिपुर में भारतीय सेना के जेसीओ का अपहरण, सुरक्षा बलों ने कराया मुक्त

**इंफाल**
**मणिपुर के थौब**ल जिले में असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार को भारतीय सेना में सेवारत जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) का घर से अपहरण कर लिया। घटना की जानकारी पर सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। गत 27 फरवरी को इंफाल में घर में घुसकर मैतेई चरमपंथी संगठन अरामबाई तेंगगोल ने मणिपुर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का अपहरण कर लिया था। हालांकि कुछ ही घंटों में सुरक्षा बलों ने एएसपी को सुरक्षित मुक्त करा लिया था।
अधिकारियों ने बताया कि चारंगपत ममांग लेइकाई निवासी कोनसम खेड़ा सिंह छुट्टी पर था। कुछ लोग सुबह तकरीबन नौ बजे उनके घर में घुस आए और बंधक बनाकर गाड़ी में डालकर भाग गए।

## चुनाव आयोग ने आम चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले की सुरक्षा समीक्षा

**नई दिल्ली**
चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा कर्मियों की देशभर में तैनाती और आवाजाही के मुद्दे पर गृह मंत्रालय और रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की। माना जा रहा है कि बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने संभावना पर चर्चा की। चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और साथी चुनाव आयुक्त अरुण गोयल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। बैठक में आयोग ने ड्यूटी के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय बलों की समय पर आवाजाही की आवश्यकता पर बल दिया।

**सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के लिए अच्छे डिब्बों पर जोर**




आयोग ने सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के लिए अच्छे डिब्बों की जरूरत पर भी जोर दिया। आयोग ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों समेत विषम परिस्थिति वाले इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए पर्याप्त संख्या में हेलीकॉप्टरों की भी मांग की।

**चुनाव के लिए 3.4 लाख जवानों की मांग**
आयोग ने लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए 3.4 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की मांग की है। बता दें कि गत दिसंबर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।
आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभाओं के कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहे हैं और राज्यों में चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ होंगे।
हालांकि जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और 2019 में जम्मू और कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशो में विभाजित किए जाने के बाद यह पहला चुनाव होगा।

# नारी जीवन की ज्योति है प्राणों का संबल है : डॉ रमेश चंद्रा





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल द्वारा नगर के डाडी स्थित प्राइमरी स्कूल में महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छोटी बच्चियों के द्वारा नारी शक्ति पर कई नाटक प्रस्तुत किए गए। भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता। अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। किंतु वर्तमान में जो हालात दिखाई देते हैं उसमें नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे भोग की वस्तु समझकर आदमी अपने तरीके से इस्तेमाल कर रहा है। यह बेहद चिंताजनक बात है। लेकिन हमारी संस्कृति को बनाए रखते हुए नारी का सम्मान कैसे किय जाए, इस पर विचार करना आवश्यक है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि नारी एक साथ तीन परिवारों को जोड़कर रखती है अगर सही ढंग से समझा जाए तो महिला एक परिवार की धूरी होती है। जिसके ऊपर तमाम जिम्मेदारियां होती हैं। वह तो जगत जननी है। आज नारी मां, बहन, पत्नी, के रूप में समाज में अपनी अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन कर रही है। उन्होंने बताया नारी जीवन की ज्योति है प्राणों का संबल है। आज महिलाओं के लिए तमाम अवसर हमारे भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं। आज की बच्चियों पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। नारी का सम्मान जहां है संस्कृत का उत्थान वहां है। हमें प्रत्येक नारी का सम्मान करना चाहिए और उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने बच्चियों को खूब पढ़ाये जिससे वह आगे चलकर आपके परिवार का नाम रोशन कर सकें। उनके मन की इच्छाओं को ना दबाये, क्योंकि आज की यह बच्चियों कल हमारे भारत का स्वाभिमान होगी। इस अवसर पर क्लब के महासचिव संत कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सूर्यनाथ प्रजापति, संतोष कुमार यादव, रवि भूषण गुप्ता, सुधा गुप्ता, सरिता पटेल, अल्पना वर्मा अंजली यादव सहित कार्यक्रम आयोजक सोनिया देवी गीता देवी सुनीता संगीता और ग्रामीण की बहुत सी महिलाएं उपस्थित थी।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ सिलाई प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ

**सहसों।** महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता की चलते परोपकार सेवा संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित नारी शक्ति सामान्य सिलाई प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सहसों बाईपास पर किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने प्रशिक्षण कैंप का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए कहा कि नारी शक्ति एक महाशक्ति है। उन्हें स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर होते हुए अपनी क्षमता को पहचानना होगा। परोपकार सेवा संगठन द्वारा ऐसे कार्यों का आयोजन बहुत ही सराहनीय पहल है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खुलने से गांव की महिलाएं कहीं दूर प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटरों पर ना जाकर उन्हें यहीं पर अपने ही गांव में प्रशिक्षित होते हुए प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी मिल जाएगा। इस आयोजन के लिए परोपकार संगठन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चंद्र प्रकाश केसरवानी विशेष बधाई के पात्र हैं। हम सभी उन्हें ऐसे सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा के साथ शुभकामना देते हैं। इस मौके पर केंद्र संचालिका खुशबू केसरवानी, आकांक्षा केसरवानी, रेनू गुप्ता, सुशील गुप्ता, शुभम जी, सौरभ सहित काफी संख्या में जरूरतमंद महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# जमीन की गुत्थी सुलझाने के लिए युवक चढ़ा मोबाइल टावर पर

**अखण्ड भारत संदेश**



**मांडा।** क्षेत्र के मांडा खास में जमीन की गुत्थी सुलझाने के लिए एक युवक मोबाइल कंपनी टावर पर चढ़ गया जिसको देखने के लिए धीरे धीरे ग्रामीणों की फौज खड़ी हो गयी।युवक को उतारने के लिए क्षेत्र के लोगों ने काफी प्रयास किया किंतु अपनी बातो पर आडिग रहा। वही सूचना पर पहुंचे मेजा एसडीएम रवि कुमार गुप्ता और प्रशासन के भारी मशक्कत से 5 घंटे बाद युवक को टावर से उतरने में सफल रहे बता दे कि मांडा खास निवासी लवकुश पांडेय ने बताया कि हमारे खेत से दस के वी का स्टेबलाइजर गांव के ही रामसुख कुशवाहा भाजपा नेता के लड़के राम बहादुर ने उठा ले गए है। और उनके बीच कुछ जमीनी विवाद चल रहा था। जिसको लेकर मांडा थाने में कई बार तहरीर देकर बताया भी लेकिन मांडा थाने में समस्या निस्तारण न होने से मैं कई दिनों से परेशान था। इस बीच मेंजा एसडीएम हल्का लेखपाल अशोक पांडेय, सुमित श्रीवास्तव व अन्य पुलिसकर्मी युवक को नीचे उतारकर समस्या का निस्तारण करने की बात कही।





# धूमधाम से निकाली गई शिव बारात

**अखण्ड भारत संदेश**

**मांडा।** महा शिवरात्रि युवा मण्डल मांडा के तत्वाधान में निकाली गयी। मांडा क्षेत्र के विभिन्न कस्बो में शिव बारात की धूम रही। इस दौरान भारी पुलिस बल के साथ निकाली गयी बारात मे महिलाओ और पुरुषों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। सुबह 7 बजे से ही महिलाएं, युवतियां व पुरुष श्रद्धालु मंदिरों में उमड़ने लगे। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं बेलपत्र चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगी। शिवालयों में बम-बम भोले के जयकारे से गूंज उठे। वही भजन कीर्तन व भंडारा के आयोजन भी किए गए। मांडा क्षेत्र के रानी तालाब के पास स्थित अति प्राचीन भोले नाथ मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई। भोलेनाथ के विवाहोत्सव अवसर पर काली माँ के चौराहे पर आने-जाने वाले लोगों को सीताराम हलुवाई की तरफ से प्रसाद वितरण किया गया। शुक्रवार को भगवान शिव की बारात मांडा के विभिन्न कस्बो में बड़े धूम धाम से गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बारात में लोग डीजे की धुन पर अबीर गुलाल लगाकर नाचते रहे। बारात मंदिर परिसर से शुरू होकर पहाड़ी पर स्थित बूढ़े नाथ शिव मंदिर होते हुए रानी तालाब शिव मंदिर पर संपन्न हुई। मौके पर प्रमोद कुमार मौर्या, दिलीप प्रधान, राजू प्रजापति, संदीप द्विवेदी, मुकेश मौर्या,हरि प्रसाद मौर्या, नेपाली व पुलिसकर्मी एसआई अरुण कुमार शुक्ला, शैतान सिंह, हेड कांस्टेबल हरे राम राय, संजू देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर उमड़ी आस्था, विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने की महादेव की पूजा-अर्चना

## महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक करने से मनुष्य के दूर होते हैं कष्ट : बृजबिहारी दास

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व शिवालयों में दिन भर बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे। मंदिरों में सुबह से ही भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। मंदिर व शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा बोलन नाथ धाम मेजा, सिद्धेश्वर नाथ पहड़ी महादेव भटौती सिरसा का श्रीनाथ मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों व शिवालयों में भी श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि पर व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। सुबह से ही शिव भक्त शिवलिग पर जल चढ़ाने के लिए कतार में लग गए। पहड़ी महादेव मंदिर के पुजारी आचार्य बृजबिहारी दास ने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन जो शिव भक्त रूद्राभिषेक कर भगवान शिव की अराधना करता है, उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और घर में सुख समृद्धि का वास होता है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर शिव भक्तों ने शिवलिंग का श्रृंगार कर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया। शिवलिंग पर गंगा जल, दही, दूध, पंचामृत, बेल पत्र, फल, फूल, नारियल, प्रसाद, धूप दीप आदि चढ़ाकर शिव की अराधना की और परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी। दूर दराज से आए हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भोले बाबा के दर्शन कर पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। कहीं अखंड रामायण पाठ,कहीं रुद्राभिषेक तो कहीं भंडारे का आयोजन किया गया।

इस दौरान सिरसा गंगा घाट पर स्नान करने के लिए दूर दराज से आए लोगों का तांता लगा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर व उसके आस-पास पुलिस के जवानों के साथ डीसीपीससी के सदस्य भी तैनात रहे।

# लालापुर के मनकामेश्वर धाम में शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक



**लालापुर।** हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव की आराधना,तपस्या और श्रद्धा से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। महाशिवरात्रि पर उपवास और पूजा से भगवान शिव को प्रसन्न किया जाता है। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का अभिषेक करने का विशेष महत्व होता है। इसी क्रम में लालापुर के मनकामेश्वर मंदिर में शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर 04 बजे भोर से ही शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।माना जाता है कि इसी दिन भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ था। शास्त्रों की माने तों महाशिवरात्रि की रात ही भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। इसके बाद से हर साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है।प्रयागराज शहर से लगभग 40 किमी॰ दक्षिण पश्चिम छोर पर विराजमान भगवान भूतेश का शिवलिंग भक्ति का अद्भुत संगम है।यमुना नदी के किनारे पहाड़ की चोटी पर विराजमान भगवान शिव का दर्शन पूजन करने के लिए दूर दूर से भक्त आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करतें हैं।कहा जाता है कि भगवान राम ने वनगमन के समय मनकामेश्वर शिवलिंग की स्थापना की थी।लालापुर के मनकामेश्वर धाम में हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है।पहाड़ के चोटी पर विराजमान भगवान भूतेश का शिवलिंग भक्ति का अद्भुत संगम है।ग्राम प्रधान भटपुरा-लालापुर शंकरलाल पाण्डेय ने बताया कि मनकामेश्वर धाम में लाखों की संख्या में भक्त आए और भीड़ को देखते हुए मंदिर गर्व गृह में मंदिर के कार्यकताओं को भी लगाया गया। और साथ में ये भी बताये की जो भी मनकामेश्वर मंदिर में जो भक्त श्रद्धा और भक्ति भगवान शिव की पूजा अर्चना करता है उसकी मनोकामना जरूर पूर्ण होती है।

## हर हर महादेव के जयकारे के साथ भक्तों ने किया पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक



**सहसों।** महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर सहित पूरा क्षेत्र हर हर महादेव के जयकारों से गुंजामान रहा। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन एवं रुद्राभिषेक कर महादेव एवं माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाशिवरात्रि के पावन के अवसर पर क्षेत्र के शिव मंदिरों में शुक्रवार की भोर से ही भक्तों ने स्नान ध्यान करके भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजन अर्चन कर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर फूल मालाओं से भव्य श्रृंगार के पश्चात आरती कर आशीर्वाद लिया। सहसों स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में विशाल शिवलिंग, शिव मंदिर टहलू का शिवालय रामनाथ पट्टी, शिव मंदिर देवनहरी सहित आदि गांवों में भक्तों ने बड़े ही श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव की आराधना पूजा की तथा कई भक्तों ने घर पर ही आचार्य विद्वान द्वारा रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। महाशिवरात्रि के पूरे दिन सभी मंदिरों में भक्तों के दर्शन पूजन के लिए ताता लगा रहा तथा हर हर महादेव के जयकारों से शिवालय गुंजायमान होते पूरा क्षेत्र शिव मय हो गया। इसी तरह उ॰प्र॰ बोर्ड की परीक्षा सकुशल संपन्न होने पर रामनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भारी संख्या में विद्यार्थियों ने पहुंचकर विद्वान आचार्य द्वारा विधि विधान एवं वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना एवं फूल मालाओं से भव्य श्रृंगार के पश्चात रुद्राभिषेक किया गया। तथा मनवांछित फल प्राप्ति के लिए भगवान महादेव से प्रार्थना कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सर्वधर्म समन्वय समिति कुंदौरा धाम के अध्यक्ष को पुत्र शोक



**जंघई।** सर्वधर्म सामान्वय समिति कुंदौरा धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल गोंड के पुत्र करम गोंड के आकस्मिक निधन से परिजनों एवं रिश्तेदारों तथा क्षेत्रवासियों में शोक का माहौल है। 4 मार्च सोमवार को देर शाम छत पर करम गोंड मोबाइल से बात करते समय मुंडेरी पर बैठने का प्रयास किया, और तीसरी मंजिल से नीचे गिर पड़े परिजन तत्काल प्रयागराज लेकर भागे जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया सबका रो-रोकर बुरा हाल है। करम की उम्र 31 वर्ष? थी करम ने बी-टेक एमबीए की शिक्षा ग्रहण किया था, कुछ समय बाहर नौकरी करने के बाद इन दिनों अपने गांव के मर्रो बाजार में कपड़े की दुकान चलाते थे और चार भाईयों में सबसे छोटे थे। करम के आकस्मिक निधन से परिजनों एवं पत्नी एकलौती बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यूज झरोखा

### अपराध निरोधक कमेटी कार्यक्रम में शामिल हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी



**कोरांव।** 8 मार्च सन 2024 को गौरव नगर पंचायत के अंतर्गत शिवालय संस्कृत विद्यालय के प्रांगण में दर्शनार्थियों का जन सैलाब देखने को मिला। जिलाधिकारी पुलिस महानिरीक्षक कमिश्नरेट प्रयागराज यूपी पुलिस महा निरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक यमुना पार तथा एसीपी मेजा तथा प्रदेश सचिव श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के आदेश के क्रम में जिला अपराध निरोधक कमेटी पदाधिकारी एवं सदस्य को थाना प्रभारी निरीक्षक माननीय श्री राकेश भारती जी के आदेशानुसार थाना कमेटी प्रभारी नरेंद्र देव मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन मोहन कुमार एवं वॉलिंटियर ड्यूटी पर उपस्थित रहे। जिसमें सह थाना कमेटी प्रभारी सफात अली शाह संगम लाल जायसवाल संतोष कुमार जायसवाल मोहम्मद असलम रमाकांत सिंह धीरज कुमार राकेश कुमार केसरी डॉ रामचंद्र शिव शंकर जायसवाल रामानुज निसार अहमद कौशलेश कुमार सुदीप कुमार लखन लाल जैसल शिवलाल मौर्य ड्यूटी पर मुस्तैद रहे

### चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू में महादेव का भक्तों ने किया जलाभिषेक



**जंघई।** महाशिवरात्रि पर चनेथू चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया। शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए। धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई। मंदिर के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं मंदिर के संस्थापक शिवशंकर बबलू दुबे ने विशेष रूप से रुद्राभिषेक भी किया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर स्वामी महेशानंद महाराज, महंत मोहिनानंद गिरी जूना अखाड़ा, पंडित रुद्राक्ष महाराज व्यास, कमलाशंकर दुबे, संजय दुबे, मातादीन उपाध्याय, सचिन पाठक, कुंदन दुबे, शशिकांत मिश्रा, सुनील मिश्रा, धीरज सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### शिवालयों पर,उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ , हर हर महादेव के नारे

**मऊ आइमा।** मऊआइमा के बांका जलालपुर स्थित बंकेश्वर नाथ धाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव की पूजा अर्चना व अभिषेक को लेकर मंदिरों मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। और मनोवांछित फल पाने के लिए पूजा अर्चना किए । इसी प्रकार मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के पक्का तालाब, थाना स्थित मन्दिर,हर शिवालयों पर हर हर महादेव के नारों की गूंजा वही सुरक्षा की दृष्टि से मऊआइमा थाने की पुलिस की तैनाती हर स्थानों पर की गयी थी। बांकाजलालपुर के , ग्राम प्रधान लाल बहादुर पटेल, ग्राम सुल्तानपुर खास के प्रधान चंद्रसेन यादव, कन्हैया लाल गुप्ता, लड्डन, विनीत कुमार, राजेश मौर्या, शिव पूजन अग्रहरि, ऋषि प्रजापति, अश्वनी समेत अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

# पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में महाशिवरात्रि के पर्व पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**अखंड भारत संदेश**

## डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने किया मेले का औचक निरीक्षण



**थरवई प्रयागराज।** शुक्रवार को प्रयागराज प्रसिद्ध एतिहासिक मंदिर पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। सुबह भोर से ही बम भोले, ओम नमः शिवाय की जय घोष के साथ जलाभिषेक का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तो निरंतर दिन भर चलता रहा । मंदिर में अपार जनसैलाब उमड़ा लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव शंकर के दर्शन कर जय घोष के साथ नारा लगाया वहीं स्थानीय व दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन का लाभ उठाया । मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो जिसके लिए स्थानीय पुलिस जगह जगह मुस्तैद दिखीं। वहीं मंदिर परिसर व मंदिर के गर्भगृह में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम के साथ पुलिस मौजूद रही। वहीं मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने मेले का औचक निरीक्षक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। थाना थरवई सहित कई थानो की फोर्स प्रत्येक नुक्कड़, तिराहे, चौराहे, धर्मशाला, एवं मेले में भ्रमण करते मौजूद रहीं । मेले में सहायक पुलिस आयुक्त थरवई चंद्र पाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना थरवई अरविन्द कुमार गौतम सहित मेला क्षेत्र में भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था जायजा लेते रहे।

# बेनी माधव पीजी कॉलेज में हुआ स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम



**थरवई।** बृहस्पतिवार को बेनी माधव पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम हुआ संपन्न जिसमें स्नातक स्तर के 138 बच्चों को स्मार्टफोन वितरण किया गया। डिजी शक्ति स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत प्रत्येक महाविद्यालयों में स्नातक, परास्नातक आदि सभी बच्चों को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण योजना के माध्यम से दिया जा रहा। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि शैक्षिक जीवन के साथ-साथ डिजिटल एजुकेशन व तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शैक्षिक स्तर में आने वाली उन समस्याओं को अपने स्मार्टफोन के माध्यम जानकारियां प्राप्त कर सकें वहीं सरकार की सभी योजनाओं से भी रूबरू रहें । कॉलेज अध्यक्ष कृपाराम मिश्र द्वारा बच्चों को यह संदेश दिया कि आज जो स्मार्टफोन वितरण किया गया शैक्षिक एजुकेशन पर ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें जिससे अपनी सफलता हासिल करने कार्य कामयाब हों कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ डी वी सिंह, डॉ सुप्रीती मिश्रा, डॉ बबिता सिंह, अल्का पाण्डेय, शालू पाण्डेय, शालिनी कुशवाहा, देवेंद्र राम, डॉ वीडी सिंह, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह, सत्य नारायण मिश्र आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि : 9 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला क्षेत्र व स्नान घाटों पर निरंतर भ्रमणशील रह कर व्यवस्थाओं का लेते रहे जायजा

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर व माघ मेला के छठे स्नान पर्व पर सायं 06:00 बजे तक लगभग 09 लाख 70 हजार स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम तट तथा गंगा जी के तट पर बनाये गये विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगायी एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी। माघ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सफाई कर्मियों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगायी गयी है। माघ मेला क्षेत्र में अपने स्वजनों से बिछड़ने वाले लोगो के लिए खोया-पाया केन्द्र से लगातार एनाउंस कर उनके स्वजनों से उन्हें मिलाया गया। श्रद्धालुओं को मेले में भटकना न पड़े, इसके लिए संगम जाने का मार्ग वापस लौटने का मार्ग व अन्य मार्गों को प्रदर्शित करते हुए साइन बोर्ड रास्तों पर लगाये गये है। माघ मेला क्षेत्र में सुरक्षा की व्यवस्था चाक-चौबंद रही। एडीजी जोन भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक प्रेम कुमार गौतम, कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द, पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, प्रभारी अधिकारी माघ मेला दयानन्द प्रसाद, अपर जिलाधिकारी मेला विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। महाशिवरात्रि का स्नान पर्व सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ।



### महाशिवरात्रि पर्व पर संगम घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में एनडीआरएफ रही तैनात

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि पर्व पर प्रयागराज धाम और घाटों पर श्रद्धालु भारी संख्या में उमड़ रहे हैं उनकी सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ के बचावकर्मियों को श्री अनिल कुमार पाल (उप कमान्डैन्ट ) के देख रेख में सभी प्रमुख घाटों पर तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए एनडीआरएफ की टीमों को विभिन्न घाटों जैसे संगमनोज, संगम मध्य, वी आई पी घाट, राम घाट और अरैलघाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में त्रिवेणी पर तैनात किया गया है इसके साथ ही संगमनोज में बोट के माध्यम से पेट्रोलिंग भी की जा रही है। एनडीआरएफ की मेडिकल टीम वी आई पी घाट पर उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं के प्राथमिक उपचार एवं सहायता के लिए तैनात है। इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक 11 एनडीआरएफ ने अपील की है कि सभी श्रद्धालु सावधानी बरतते हुए पूरे हर्षोउल्लास से इस पर्व को मनाएं और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। एनडीआरएफ पूरी श्रद्धा के साथ इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आपकी सुरक्षा में तैनात है।

## अरैल में लाखों श्रद्धालुओं ने किया सोमेश्वर महादेव भोलेनाथ का दर्शन

### दर्शन के लिए कई घंटे कतार में लगे श्रद्धालु, अरैल घाट पर स्नानार्थियों की भीड़ पूरे दिन रही



**नैनी।** नैनी अरैल महाशिवरात्रि पर्व पर अरैल स्थित प्राचीन सोमेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने को शुक्रवार भोर से भारी भीड़ उमड़ी रही। भीड़ का आलम यह था कि लोगों को दर्शन के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा। वहीं इस मौके पर अरैल घाट पर स्नानार्थियों की भीड़ भी पूरे दिन रही। स्नान के बाद लोगों ने जल भर कर ले गए और शिवालयों में जलाभिषेक किया। लोगों ने मंगलकामना के साथ जल, दूध, शहद, गन्ने का रस एवं दही से शिवलिंग का अभिषेक किया। इस अवसर सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद सिंह सोनू सिंह पुनीत सिंह नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया इस शुभ अवसर पर महाशिवरात्रि पर पुलिस विभाग के द्वारा बहुत ही सुचारू रूप से सुरक्षा घेरे को बनाए रखा गया जिसमें चौकी प्रभारी अरैल परमानंद का योगदान सराहनी था पुलिस कर्मियों के द्वारा सभी भक्तों के सहायता के रूप में अपनी ड्यूटी को बहुत ही तत्पर्व के साथ निभाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा पार्षद मयंक यादव पार्षद राकेश जयसवाल प्रदीप तिवारी सेक्टर प्रभारी भाजपा धर्मराज पटेल सुनील विश्वकर्मा नित्यानंद मिश्रा भाजपा कार्यकताओं ने भी भक्तों का सहयोग किया।

# देवाधिदेव के दर्शन के लिए शिवालयों में लगी लंबी कतार

## हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण हुआ शिवमय

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** देवाधिदेव महादेव की अराधना के महापर्व महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। भोर से ही हर हर महादेव और बोल बम के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में पहुंचकर भूतभावन भगवान शिव का जलाभिषेक कर गंगा जल, बेलपत्र, भस्म, पुष्प और नैवैद्य अर्पण किया। साथ ही धतूरा, मदार, भांग, दूध, बेर, केला, ईख, आम का बौर आदि का भोग लगाते हुए मंगलमय जीवन की कामना की।यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर, फाफामऊ के पड़िला महादेव, अरैल के सोमेश्वर महादेव सहित प्रमुख शिव मंदिरों में लंबी कतार लगी रही। सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन शिव मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना की। भोले नाथ का पूजन करने के लिए लोग घंटों कतार में खड़े रहे। मंदिरों पर पुलिस बल के साथ महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई। हर हर महादेव के उद्षोग के साथ पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को देवाधिदेव के जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए संगमनगरी में शिवालय सज गए हैं। महाशिवरात्रि पर शिवालयों को भव्यता से सजाया गया है। कहीं पुष्पहार, मदार, धतूर के फूलों-पत्तियों से श्रृंगार झांकी सजाई गई, तो कहीं रजत आभूषणों से बाबा का श्रृंगार किया गया। भोलेभक्त अपनी - अपनी कामनाओं को लेकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे हैं। इस बार महाशिवरात्रि पर इस बार त्रिग्रही योग शिव आराधना के लिए खास है। यमुना तट स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में स्वर्ण-रजत आभूषणों से श्रृंगार किया गया। शुक्रवार की भोर में चार बजे मंगला आरती हुई। इसी के साथ आम भक्तों के लिए दर्शन-पूजन आरंभ हो गया। दिन के 12 बजे भोग आरती हुई। इसके बाद रात 10 बजे श्रृंगार आरती की जाएगी। रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से मंदिर को भव्य सजा दिया गया है। मंदिर के महंत श्रीधरानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि पर छप्पन बोग लगाया गया। रात को चार पहर की आरती होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग कराई गई है। भीड़ बढ़ने पर वैकल्पिक मार्ग से भक्तों को बाहर निकाला जाएगा।सर्वार्थ सिद्धि योग इस बार महाशिवरात्रि पद्दर्व को खास बनाएगा। ग्रह संयोग के तहत शनि के साथ सूर्य और मंगल के साथ चंद्रमा की युति बन रही है। बुध-शुक्र के मिलन से महाशुभ योग बनेगा।

# भूत प्रेत के साथ निकली लोकनाथ की शिव बारात



लोकनाथ स्थित शंकर महादेव के मंदिर में लगी भक्तों की भीड़





**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार की शाम में शहर में शिव बरात निकाली गई। बरात में भूत-पिचास बराती बनकर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे । बरात में भगवान शिव व माता पार्वती की मनमोहक झांकी सजाई गई थी, जिसको देख श्रद्धालु प्रफुल्लित हुए।पुरानी बस्ती लोकनाथ से होते हुए आइयापुर तक शिव बरात निकाली गई। घोड़े और बैंडबाजों के साथ निकली शिव बरात में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बारात में भूत-प्रेत के वेष में लोगों के बीच भगवान शिव शंकर की सुंदर सी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बरात जहां से भी गुजरी, भक्तों ने हर- हर बम-बम का उदघोष किया। इस दौरान शिवजी ब्याहने चले पालकी सजा के... जैसे गीत पर भक्तों ने जमकर डांस भी किया। सैकड़ों शिव भक्त सम्मिलित हुए।बरात की अगुवाई घुड़सवार केसरिया झंडा फहराते हुए कर रहे थे। ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप व रथ पर भूत-प्रेत बनकर बैठे युवक- युवतियां को देख लोग प्रफुल्लित हो रहे थे। डीजे व शिव भक्ति गीतों तथा डमरू के धुन पर लोग थिरकते हुए बरात के साथ आगे बढ़ रहे थे। एसीपी मनोज कुमार सिंह कोतवाली पुलिस के साथ सुबह से ही मुस्तैद थे क्योंकि आज जुम्मा की नमाज अदा होनी थी और शिव बारात भी निकालनी थी नमाज और शिव बारात को सकुशल संपन्न कराया।




### हर हर महादेव के जयकारे से गूंज नागेश्वर मंदिर

**प्रयागराज।** शिवरात्रि पर्व पर छतनाग स्थित नागेश्वर मंदिर में मुंबई से आए चर्चित भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे जी ने हर हर महादेव के जयकारे से पूरे मंदिर परिषद में समा बांध दिया । बता दे की प्रयाग गौरव रन से सम्मानित भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे जी ने क्षेत्र ही नही माया नगरी मुंबई में भी एक अलग पहचान बना ली है । वही शिवरात्रि पर्व पर छतनाग क्षेत्र स्थित नागेश्वर मंदिर में शुक्रवार को कई भजन प्रस्तुत किए । भजन के बोल जैसे मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी, हे शंभू बाबा मेरे भोलेनाथ, सारे गांव से दूध मगा कर पिंडी को नहला दो, मंगल भवन अमंगल हारी जैसे तमाम भजनों की प्रस्तुति दिए । बता दे की सूर्या दुबे जी ने मुंबई में रहते हुए टी-सीरीज के बैनर तले कई एल्बम को रिलीज कर चुके हैं । वही कार्यक्रम के दौरान उनके साथ गायिका रोमा जी व फेमस गायक प्रेम प्रकाश दुबे जी ने भी एक से बढ़कर एक भजन सुनाये । कार्यक्रम के दौरान आयोजक किशन चौरसिया, बबलू यादव,और प्रीति हॉस्पिटल के मालिक अमित त्रिपाठी व प्रीति त्रिपाठी जी ने सारे कलाकारो का सम्मान किया।

## न्यूज झरोखा

### सड़क हादसे में श्याम डेयरी के मैनेजर की मौत, दोस्त के यहां कार्यक्रम से रात लौट रहे थे घर



**प्रयागराज।** प्रयागराज के झूंसी के रहने वाले विनय नारायण उपाध्याय (45) की कल देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बुधवार रात धनुआ स्थित एक गेस्ट हाउस से अपने दोस्त के कार्यक्रम से बाइक से घर लौट थे। विनय नारायण झूंसी के गंगा दीप कॉलोनी छातनाग रोड के रहने वाले थे। वह धनुआ स्थित श्याम डेयरी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उनकी दो बेटियां हैं। एक कक्षा नौ व दूसरी कक्षा पांच में पढ़ती है। उनके साले प्रवीण कुमार पांडे ने बताया कि बुधवार को उनके जीजा साथ काम करने वाले एक साथी के यहां कार्यक्रम था। ड्यूटी के बाद वह उनके साथ अलग बाइक से कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात करीब 10:30 बजे कार्यक्रम से दोनों लोग घर लौट रहे थे।डांडी स्थित राजपूत ढाबे के पास पहुंचे ही थे तभी रॉन्ग साइड से एक बाइक पर सवार दो युवक तेज रफ्तार में आए और इनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह डिवाइडर से जाकर टकरा गए और हेलमेट उनके सिर से निकल जाने की वजह से सिर फट गया। उसके बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें एसआरएन अस्पताल लेकर आया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### वार्षिकोत्सव पर बच्चो ने मचाया धमाल



**झूंसी।** डॉक्टर सौम्य प्रभात मेमोरियल पब्लिक स्कूल झूंसी का वार्षिकोत्सव गुरुवार की शाम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने दीप प्रज्वलन से किया। सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसके बाद बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। सोशल मीडिया एक्ट एंड डांस, श्री रामचंद्र पर नृत्य पर खूब तालियां बजी। विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार राय द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों पर रिपोर्ट दी गई। आखिर में विद्यालय की डायरेक्टर मंजू श्री सिंह ने विधायक प्रवीण पटेल को शाल तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव में विशेष अतिथि के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो. अनुपम दीक्षित, डेप्युटी लेबर कमिश्नर राजेश मिश्र, अजीत सिंह चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट प्रयागराज एवं लैश गौतम असिस्टेंट प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय आदि उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**झूंसी।** हाईटेंशन तार की चपेट में आने से शुक्रवार को एक मजदूर की मौत हो गई। मामला झूंसी के नारायणदास पुरवा का है। कोहना निवासी मो. अमन उम्र 20 पुत्र मो. नसीम निवासी लीलापुर रोड स्थित चक हरिहरवन में स्टील की दुकान पर काम करता था। नारायणदास पुरवा में स्थित एक मकान में वह स्टील की पाइप लगाने गया था। जहा अमन स्टील का पाइप उठते समय 11000 लाइन के चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। अमन की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

## एक वर्ष विवाद के घेरे में रहा मुक्ति धाम महोरी रीवा का कार्य शुरू



**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत महोरी रीवा में प्रस्तावित अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य विगत एक वर्ष से दबंगों के द्वारा भूमि पर कब्जा कर रखा था लगभग 25 लाख रुपए से बनने वाले मुक्ति धाम लम्बे समय तक प्रशासन एवं समाचार पत्रों में मीडिया की सुर्खियों में बना रहा, पिछले वर्ष सहायक विकास अधिकारी विवेक मिश्रा एवं पुलिस प्रशासन ने भूमि पूजन करके कार्य शुरू किया गया था, लेकिन राजनैतिक एवं राजस्व विभाग के कुछ खास की वजह से कार्य रुकवा दिया गया था जिसको लेकर राजस्व विभाग की खुब छिछालेदर हुई थी, जिसको लेकर मीडिया में महोरी रीवा मुक्ति धाम निर्माण कार्य को लेकर मुद्दा उठाया गया था,तब जाकर राजस्व विभाग टीम की अगुआई कर रही आईएएस अधिकारी जागृति अवस्थी एसडीएम करछना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर खुद मामले को संज्ञान में लेकर पहल की तब जाकर दबंगों से भूमि मुक्त हो सकी,जिस पर खेलकूद मैदान का कार्य पूर्ण किया गया,जलकल पेयजल आपूर्ति नलकूप कार्य संपन्न हुआ और अंत्येष्टि स्थल पर समतलीकरण कार्य प्रारंभ हो सका प्रधान राजकुमार पटेल ने अथक प्रयास से शुक्रवार महा शिवरात्रि के दिन अंत्येष्टि स्थल का जेसीबी से समतलीकरण कार्य शुरू कर दिया गया,इस का को लेकर एसडीएम करछना जागृति अवस्थी, थाना प्रभारी नितेंद्र शुक्ला अपनी टीम के साथ कार्य शुरू कराने में सराहनीय सहयोग रहा।

# असंगठित कामगार कल्याण संघ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी शुक्रवार को दो दिवसीय कार्यक्रम नैनी के शंकर ढाल, एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय और पाठक मार्केट पी. डी. ए नैनी के लघु व्यवसायी, फुटपाथ दुकानदार साथियों एवं कार्यक्रम परियोजना अधिकारी प्रयागराज एवं असंगठित कामगार कल्याण संघ के सदस्यों द्वारा आई.जी.एस.एस.एस की सहभागिता से समुदाय संयोजक और सोशल चेंज एजेंट और वर्कर लीडर के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 की थीम महिलाओं में निवेश प्रगति में तेजी लाएं, महिलाओं की भलाई और जीवन के विभिन्न पहलुओं में लैंगिक समानता हासिल करना सफल अर्थव्यवस्था और एक स्वस्थ परिवेश बनाने के लिए महत्वपूर्ण है तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं, सामाजिक भेदभाव, महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न, महिलाओं की समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, त्वरित लैंगिक समानता के लिये लॉबिंग, महिला केंद्रित अनुदान आदि के लिये धन उगाहना, पारिवारिक सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांग महिलाओं आदि के मुद्दों पर विचार रखते हुए सर्वप्रथम असंगठित कामगार कल्याण संघ के सदस्य शशिलेश सिंघवी, किरन तिवारी, शाहीन बेगम और निर्माण श्रमिक संगठन के सामुदायिक कार्यकर्ता योगेश चन्द्र शुक्ल, मो.नसर, राजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा आज के परिप्रेक्ष्य में परिचय देते हुए साथ ही कार्यक्रम में आए हुए सभी साथियों का स्वागत किया गया इसी क्रम में समुदाय संयोजक गोपेश चन्द्रा ने असंगठित कामगार कल्याण संघ और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के सन्दर्भ में महिलाओं के प्रति सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक भेदभाव लिंग असमानता, कार्यक्षेत्र में महिलाओं के प्रति संवेदनशील न होना और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के प्रति सरकारी योजनाओं का लक्ष्य के प्रति जागरूक करना तथा घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल संरक्षण आदि के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए असंगठित कामगार कल्याण संघ के सदस्यों द्वारा महिला को आंशिक मजदूरी पुरुषों की अपेक्षा मकान मालिकों द्वारा सामाजिक भेदभाव, मानसिक शोषण आदि के बारे में जागरूक करते हुए स्ट्रीट वेंडर, प्रवासी मजदूर और निर्माण श्रमिकों के बच्चों को सामाजिक कौशल प्रशिक्षण यूपी एसडीएम अटल आवासीय विद्यालय आदि के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम के सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा की गई तत्पश्चात समुदाय संयोजक विपिन कुमार मिश्र द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करते हुए असंगठित कामगार कल्याण संघ के सदस्यों द्वारा मांग पत्र पर महिलाओं के प्रति सकारात्मक विचारधारा से मिलकर हस्ताक्षर अभियान के संदर्भ में जागरूक किया गया।

# शिवरात्रि के पर्व पर गंगा घाट पर उमड़ी भीड़ ने दिखाया आस्था का पैरामीटर

## हौदेश्वर नाथ धाम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** आस्था और भगवान शिव के महापर्व शिवरात्रि के दिन शिव भक्ती में लीन भक्तों का भारी जमावड़ा गंगा घाटों पर देखा गया।

तहसील के सबसे बड़े और राजा भागीरथी द्वारा पूजित व स्थापित हौदेश्वर नाथ धाम पर तड़के से ही लोगों का आना शुरु हो गया। गंगा स्नान के बाद लोग शिव की पूजा और जलाभिषेक करने में जुटे रहे। सूरज जैसे जैसे चढ़ता गया वैसे ही लोगों की भीड़ भी बढ़ती गयी, दोपहर होने के साथ आलम यह रहा की हजारों लोगों की भीड़ हौदेश्वर नाथ धाम लोगों की भीड़ से खचाखच भर गया। व्यवस्था में लगे थाना प्रभारी



हौदेश्वर नाथ धाम पर श्रद्धालुओं की मौजूद भीड़।

हथिगवा और तहसील का प्रशाशनिक अमला मुस्तैद नजर आया। आज के मेले में कई हजार लोग जिले के कोने कोने के साथ पड़ोसी जनपदों कौशम्बी, रायबरेली, फतेहपुर और प्रयागराज जनपद के सीमा वर्ती लोग भारी संख्या में आते है।

बताते चले की राजा भैया यूथ ब्रिगेड के स्वयंसेवी कार्यकर्ता और राजा भैया के समर्थक आज के मेले में व्यवस्था बनाने में लगे रहते हैं। सायकिल और मोटर बाइक के लिए स्टैंड की व्यवस्था से लेकर भूले भटके शिविर का संचालन राजा भैया के समर्थकों द्वारा ही किया जाता है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ कुंडा की अगुवाई में हथिगवा थाने की पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाता है। बता दें की हौदेश्वर नाथ धाम पर आगामी 19 मार्च से भव्य भागवत कथा का भी आयोजन किया जाना निश्चित हुआ है। राष्ट्रीय कथा वाचक अतुल जी महराज कथा सुनाएंगे और क्षेत्र से भारी संख्या में लोग कथा सुनने आएंगे। जिसकी तैयारियां भी जोरो पर चल रही है। हौदेश्वर नाथ धाम के संरक्षक खुद राजा भैया है और इस धाम से उनका विशेष लगाव है। अपने व्यस्त कार्यक्रमों से जब भी फुरसत मिलती है तब राजा भैया इस पवित्र धाम में अपनी हाजिरी लगाने आया करते है।

## महाशिवरात्रि के पर्व पर मंदिरो मे गुज उठा महाकाल का जयकारा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार को क्षेत्र के बाबा गौरीशंकर शिव लिंग मंदिर बड़ागाव मे भोर पहर से श्रद्धालुओ के जल चढ़ाने का ताँता लगा रहा मंदिर परिसर मे मेले का भी आयोजन किया गया जिसमे खाने पीने के साथ बच्चो ने खिलौने व झूला सर्कस रेलगाडी का जमकर लुफ्त उठाया मंदिर मे जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओ को बड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा मंदिर परिसर के ग्राउंड मे सभी प्रकार की दुकाने सजी हुई थी जिसमे लोगो ने जमकर खरीददारी किया शिव लिंग मंदिर के सामने ठीक नंदी पर जल चढ़ाने के लिए जगह कम होने के कारण श्रद्धालुओ को परेशानी का सामना करना पड़ा मंदिर परिसर के अंदर माँ दुर्गा जी मे जगह कम होने से श्रद्धालुओ को सीढी चढ़ने उतरने मे काफी परेशानी उठानी पड़ी।ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे ने शिव लिंग मंदिर की पूजा अर्चना किया पुलिस की सुरक्षा ब्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखाई दे रही थी।मंदिर परिसर तक पहुंचने वाले तीन तरफ के रास्ते मे पुलिस ने बैरिक लगा दिया था ताकि दो व चार पहिया वाहन मंदिर तक न पहुंच सके जिससे अब्यवस्था पैदा हो जाय जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओ का शाम तक ताँता लगा रहा।इसी क्रम मे दूधा धारी शिव लिंग मंदिर मुरस्सापुर सोनामऊ मे श्रद्धालुओ ने गंगा स्नान कर शिव मंदिरो मे जल चढ़ाकर पूजन अर्चन किया और परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया मंदिर परिसर मे मेले व मनोरंजन का आयोजन ग्राम प्रधान पति सुरेश यादव व पूर्व प्रधान जीवन लाल यादव ने कर रखा था।

## पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली घायल



पुलिस की गिरफत में घायल बदमाश।

### सिपाही भी हुआ घायल, आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीती रात पुलिस और बदमाशों के बीच तड़तड़ाई गोलियां एक बदमाश आजमगढ़ निवासी तालिब के पैर में लगी गोली। एक सिपाही भी हुआ घायल कुल चार अन्तर्जनपदीय बदमाश हुए गिरफ्तार। बता दें कि मुखबिर की सूचना पर आसपुर देवसरा पुलिस को पता चला कि चार अन्तर्जनपदीय बदमाश थाने क्षेत्र में आ रहे हैं जो कि किसी वारदात को अंजाम देने वाले हैं।

सूचना मिलते ही थाना आसपुर देवसरा के थाना अध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह अपने तेज तर्रार सिपाहियों के साथ बदमाशों को पकड़ने के लिए तेलियानी नहर के पास रात करीब 11 बजे जैसे ही पहुंचे,बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई,पुलिस से घिरता देख बदमाशो ने पुलिस के उपर फायरिंग करने लगे, जिसमें एक कांस्टेबल भी घायल हो गया।आत्म सुरक्षा में पुलिस ने जब फायरिंग की तो एक बदमाश के पैर में गोली जा लगी, चारों बदमाश अन्तर्जनपदीय के है।आसपुर देवसरा की पुलिस ने फायरिंग के बाद चारों बदमाशों को गिरफतार किया है ये चारों बदमाश गौ तस्करी का काम करते हैं।

# बूथों पर पाई गई कमियों को एक सप्ताह के अंदर करें दुरुस्तः डीएम

### डीएम व एसपी ने अति संवेदनशील बूथों तथा कोतवाली मांधाता का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आज आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अति संवेदनशील बूथों तथा कोतवाली मांधाता का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम व एसपी ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय शिवरा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय दिवैनी का स्थलीय निरीक्षण कर वहां पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, छांव आदि मूलभूत व्यवस्थाएं देखी तथा जो कमियां पाई गई उन्हें एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने ग्रामीणों



अति सवेदनशील बूथ का निरीक्षण करते डीएम व एसपा।

से संवाद स्थापित कर आगामी लोकसभा निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। इसके उपरांत उन्होंने कोतवाली मांधाता का निरीक्षण किया तथा संबंधित थानाध्यक्ष को चुनाव के दौरान अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रहरियों से निर्वाचन के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने को कहा एवं चुनाव संबंधी जानकारी संकलित कर अपने थानाध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डीएम व एसपी ने कोतवाली मांधाता में चुनाव संबंधी तैयारियां की समीक्षा किया। इसके अतिरिक्त कोतवाली परिसर की साफ सफाई, पत्रावलियों के रखरखाव के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# भगवान भोले नाथ व श्री राम पर आधारित प्राचीन पांडुलिपियों का हुआ प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 24वें महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि के अवसर पर 6 मार्च से 9 मार्च तक भयहरण नाथ धाम में राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा भगवान शिव एवं श्रीराम कथा पर आधारित दुर्लभ छाया चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि बाल कृष्ण पाण्डेय,अध्यक्ष राष्ट्रीय रामायण मेला समिति श्रृंगवेरपुर, प्रयागराज एवं क्रांतिकारी संत कवि श्रीमान सर्वेश्वर गिरी जी महाराज, पंचदशनाम जूना अखाड़ा जोधपुर, राजस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि बालकृष्ण पांडे ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर लगाई गई यह प्रदर्शनी अवसर अनुकूल है तथा इस प्रदर्शनी के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के लोग पांडुलिपियों एवं अपनी संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इस अवसर पर धाम के अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर,पांडुलिपि अधिकारी हरिश्चन्द्र दुबे, अजय मौर्य, अभिषेक, डॉ अमर बहादुर सिंह, नीरज मिश्र , यथार्थ शेखर सहित ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

# मां एक शब्द नहीं बल्कि वो चरित्र है जिसने इस दुनियां को बनायाः नसीम अंसारी

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तरुण चेतना संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं के खिलाफ होने वाली लैंगिक व घरेलू हिंसा के खिलाफ रैली के माध्यम से महिलाओं ने अपनी आवाज बुलंद की पट्टी ब्लाक के सरसतपुर में महिला सम्मेलन में तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि जागरूकता से ही मानवाधिकारो का हनन रोका जा सकता है।

श्री अंसारी ने कहा कि सभ्य समाज के लिए महिला हिंसा एक अभिशाप है। इसे रोकने के लिए महिलाओं के साथ पुरुषों को भी आगे आना होगा। श्री अंसारी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चर्चा करते हुए कहा कि मां एक शब्द नहीं बल्कि वो चरित्र है जिसने इस



महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

दुनियां को बनाया है वर्तमान में हम भूल गए हैं कि हमारा जीवन मां के परोपकार से है।इसी क्रम में मैसवा मैन हकीम अंसारी ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 पर चर्चा करते हुए कहा कि अधिनियम 2005 प्रत्येक महिला को संरक्षण प्रदान करता है।कार्यक्रम में शकुंतला देवी ने कहा कि महिला के सम्मान बिना हर बदलाव अधूरा है महिलाओं को भी पुरुष के बराबर समान अधिकार मिलना चाहिए। इस संचालन आरती वर्मा, ने किया।जिससे, संगीत बर्मा, नाजरीन बानो, इसरत जहां, छाया गौतम, बृजलाल, शहीद अहमद, सावित्री देवी, मालती, चन्द्रावती, सुमन देवी, तारा देवी, अनीता देवी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## युवक ने खुद को चाकू से मारा, रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरवा बाजार में मेडिकल स्टोर संचालक सुभाष चंद्र केसरवानी ने आज सुबह लगभग दस बजे खुद को चाकू मार लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल प्रतापगढ़ ले जाया गया जहां से डाक्टरों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। परिवार वालों से पूछने पर पता चला कि वह हफ्ते भर से किसी डिप्रेशन में था। मौके पर थाना अध्यक्ष जेठवारा व चैकी इंचार्ज डेरवा पहुंचे और जांच में जुटे हुए हैं। इस दौरान पुलिस ने चाकू बरामद किया है।

## तेज रफ्तार बस ने टेम्पो में मारी टक्कर, एक महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अन्तर्गत सिटी चैकी क्षेत्र के सुखपाल नगर तिराहे के पास एक तेज रफ्तार बस ने सवारी से भरी एक टेम्पो में टक्कर मार दी जिससे टेम्पो पर सवार दो महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे सिपाही व लोगों ने घायल महिलाओं को टेंपो से मेडिकल कॉलेज भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया तो वही एक महिला का इलाज चल रहा है। महिला की शिनाख्त की जा रही है।

## परीक्षा देने गए चार छात्रों का मोबाइल बाइक की डिग्गी से चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हाई स्कूल की परीक्षा देने गए चार छात्रों की मोबाइल बाइक की डिग्गी से चोरों ने उड़ा दिया शिकायत पुलिस से की गई है पट्टी कोतवाली क्षेत्र के श्रीमती पार्वती कमल बहादुर सिंह इंटर कॉलेज सरस्वती नगर बीबीपुर का हाई स्कूल का सेंटर सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज बहुता में गया हुआ है। गुरुवार को सामाजिक विज्ञान का पेपर देने छात्र गए हुए थे। इस दौरान देवांश सिंह, प्रियांशु गुप्ता, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ सिंह अपने एंड्रॉयड मोबाइल को गाड़ी की डिग्गी में लॉक कर परीक्षा देने चले गए। वापस परीक्षा छूटने पर देखा कि उनकी डिग्गी तोड़कर मोबाइल चोरी हो गए थे। छात्र गुरुवार को 12:00 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचे। अज्ञात चोरों के खिलाफ मोबाइल चुरा ले जाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## वृद्ध से टेंचर मशीन दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी, थाने पर नामजद की गई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह गांव निवासी दयाशंकर ओझा ने पुलिस को गुरुवार की दोपहर एक प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें आरोप लगाया है कि गधियावा गांव का एक व्यक्ति जो कि शातिर किस्म का है। उसने अंडरग्राउंड पाइप डालने की टेंचर मशीन दिलवाने की बात कहकर उससे अलग-अलग समय पर चार लाख 40 हजार रुपए ले लिए। दो लाख 15 हजार रुपए मध्य प्रदेश की मां नर्मदा उद्योग कंपनी में दिलवाया बाकी पैसा अपने खाते में लिया और बीते वर्ष अगस्त माह में ही मशीन देने की बात कही थी। पर अब तक मशीन नहीं दे सका। जब पीड़ित को ठगे जाने का एहसास हुआ तो अपने पैसे की मांग शुरू कर दी।

# बाबा घुइसरनाथ की आध्यात्मिक ऊर्जा से मजबूत हुआ करती है हमारी एकता- प्रमोद तिवारी

### विधायक एवं सीएलपी नेता मोना ने मानवीय मूल्यों की मजबूती पर दिया जोर

## पचास करोड़ की परियोजनाओं का प्रमोद तिवारी व मोना ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** बाबा धाम में महाशिवरात्रि पर विकास योजनाओं की सौगात का परम्परागत उल्लास उन्तीसवें महोत्सव में भी दिखा। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के हाथों पचास करोड से जुडी इक्यावन परियोजनाओं के एकमुश्त लोकार्पण व शिलान्यास को लेकर श्रद्धालु मगन दिखे। विधायक मोना ने सांसद प्रमोद तिवारी के साथ जैसे ही इन परियोजनाओं के लिए बटन दबाया वहां मौजूद हजारों लोग बाबा घुइसरनाथ के जयकारे लगाते दिखे। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा ने बाबा धाम में घुइसरनाथ मंदिर से सई नदी के पुल तक दो करोड की लागत से बनने वाले रीवर फ्रन्ट की सौगात सौपी। वहीं बावन लाख पचीस हजार की लागत से धर्मसम्राट स्वामी करपात्री मार्ग से मोहनपुर वाया चैरिहन का पुरवा सीसी रोड का लोकार्पण किया। विधायक व राज्यसभा सदस्य ने आठ करोड बाइस लाख की लागत से जगदीशपुर अठेहा, अझारा के इक्कीस किलोमीटर हाइवे के नवीनीकरण की परियोजना की भी आधारशिला रखी।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की प्रातः बेला में लखनऊ से आये कलाकारों के द्वारा भजन व संकीर्तन की मनमोहक प्रस्तुतियां दिखी। वहीं सांस्कृतिक मंच से सदभावना सभा में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने देश की एकता तथा सदभाव के माहौल की मजबूती पर लोगों से संकल्पबद्ध बने रहने का आहवान किया।

उन्होने कहा कि बाबा घुइसरनाथ धाम से हमें विकास तथा शांति व अमन के माहौल को यहां बनाए रखने में ऊर्जा मिला करती है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परिवेश में विकास तथा सदभावना की मजबूती बनाये रखने के लिए ही यह महोत्सव प्रतिवर्ष हमारे संकल्पों को मजबूत बनाया करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भगवान शिव लोकमंगल के लिए विषपान करते हुए हमें मिल जुलकर आगे बढ़ने की सदैव प्रेरणा दिया करते हैं।

उन्होने कहा कि बाबा घुइसरनाथ धाम उनके स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के लगातार संकल्पों से देश का सबसे विकसित एवं दर्शनीय पर्यटन धाम बनेगा। समारोह में शिक्षामनीषी डॉ. विजयश्री सोना तथा एसडीएम लालगंज प्रवीण द्विवेदी तथा सीओ रामसूरत सोनकर विशिष्ट अतिथि रहे। विधायक पुत्र राघव मिश्र ने महोत्सव में आये श्रद्धालुओं का स्वागत तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। वहीं सदभावना सभा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को लखनऊ से आये प्रख्यात भजन गायक श्रीराम द्विवेदी संदीप के गणपति बप्पा मोरया, हे शंभु नाथ तथा वतन परस्ती के भी जुड़े एक से एक गीतों ने उन्तीसवें महोत्सव की शुरूआत को यादगार बना दिया। वहीं श्रीराम द्विवेदी के सांस्कृतिक दल में आयीं लोक कलाकारों भी शिवभजनों पर शानदार भाव नृत्य प्रस्तुत कर हजारों हजार लोगों को शिव महिमा से जोड़ने में सफलता लेती दिखीं। सुप्रसिद्ध भजन गायक संदीप द्विवेदी को राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने महोत्सव की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने लोक कला में सशक्तीकरण के लिए महिला कलाकारों का माल्यार्पण कर सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, लल्लन सिंह, अवर अभियंता सुभाषचंद्र शर्मा, अवर अभियंता लालचन्द्र पाण्डेय, भुवनेश्वर शुक्ल,



सदभावना सभा को संबोधित करते राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी।

आशुतोष मिश्र, छोटे लाल सरोज, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, पप्पू तिवारी, त्रिभु तिवारी, अतुल शुक्ल आदि मौजूद रहे। सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। सदभावना सभा का संयोजन प्रधानाचार्य अमिताभ शुक्ल एवं आशीष उपाध्याय ने किया।

# महिला की उद्यमशीलता व सपनों को पूरा करने में हमें सहयोग करना चाहिएः धीरज ओझा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नाबार्ड प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्लॉक सभागार गौरा में आयोजित महिलाओं के एक विशिष्ट आयोजन में यह उद्गार पूर्व विधायक धीरज ओझा द्वारा व्यक्त किए गए।

उन्होंने कहा कि घर परिवार और समाज में हर महिला की महत्वपूर्ण भूमिका को समझना, हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डीएम नाबार्ड बिजेंद्र कुमार ने कहा कि नाबार्ड द्वारा कृषि के समस्त संबंधित क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से, समूहों की उन्नतिशीलता के लिए, अनेक योजनाएं हैं, जिनका लाभ लेना और उधमशीलता के साथ अपने रोजगार को पहचान देना हर महिला का कर्तव्य है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का हवाला भी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला को सम्मानित करते पूर्व विधायक धीरज ओझा।

दिया। जनपद के एलडीएम बॉब गोपाल शेखर झा ने महिलाओं की आर्थिक विकास के लिए बैंक की विभिन्न योजनाओं और उन योजनाओं से क्रमिक आर्थिक विकास पर अपने विचार व्यक्त किये। खण्ड विकास अधिकारी डी पी सिंह ने प्रदेश की विभिन्न योजनाओं द्वारा महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए किये जाने वाले प्रयास एवं कार्यों से अवगत कराते हुए हर महिला तक लाभ पहुंचाने की बात की। प्रयागराज से आई हुई विदुषी आकांक्षा मिश्रा ने अपने गर्वित उद्बोधन में विश्व में महिलाओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न छोटे-बड़े कार्यों को संक्षेप में बताते हुए जन समूह को प्रेरित किया कि विषम परिस्थितियों में भी मेहनत के उपरांत परिणाम सबल स्वरूप में बदल जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय साक्षरता अधिकारी शिशिर खरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक जितेंद्र प्रसाद, एडीओ आईएसबी आर ए शर्मा, बीएमएम किरण, रामचंद्र, राम मनोहर, बिपिन कुमार, मंडल प्रभारी बृजेश पटेल सहित मीरा यादव, श्यामा देवी, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में कुछ सफल उद्यमी महिलाओं ने भी अपने अनुभव और विचार साझा किया। धन्यवाद एलडीएम गोपाल शेखर झा द्वारा दिया गया। नाबार्ड के इस आयोजन की क्षेत्रीय लोगों द्वारा सराहना की गई।

# डीएम एसपी ने बूथों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत विधानसभा सिराथू क्षेत्र में डीएम एसपी ने किया भ्रमण, 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग मतदाताओं को उनकी इच्छानुसार अगर वे घर से मतदान करना चाहते है तो निर्धारित फार्म को भरवा लिया जाय**



**अझुवा कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विधानसभा सिराथू के अंतर्गत सर्वाधिक बूथ वाले मतदान केंद्र-उच्च प्राथमिक विद्यालय हौली पर, एस0ए0वी0 इंटर कॉलेज सैनी, श्री हनुमान इंटर कॉलेज अझुवा जहां 8 बूथ हैविधिवत निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय सौरई बुजुर्ग, उच्च प्राथमिक विद्यालय कड़ा, गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज दारानगर तथा श्री रणजीत पंडित इंटर कॉलेज शहजादपुर का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं- पेयजल,शौचालय,बिजली एवं रैम्प आदि वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बी0एल0ओ0 से मतदाताओं की संख्या एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग मतदाताओं को उनकी इच्छानुसार अगर वे घर से मतदान करना चाहते है तो निर्धारित फार्म को भरवा लिया जाय। इसके साथ उन्होंने सभी बी0एल0ओ0 से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 09 एवं 10 मार्च 2024 को ग्रामवासियों की उपस्थिति में मतदाता सूची को पढकर सुनाया जाय, अगर कोई पात्र मतदाता छूट गया है तो उसका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज किया जाय तथा मतदाता पर्ची का वितरण समय से मतदाताओं को किया जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को बूथों पर प्रारूप के अनुसार आवश्यक जानकारी अिंकत कराने तथा मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मतदान केंद्र-उच्च प्राथमिक विद्यालय हौली पर के निरीक्षण के दौरान जल-जमाव पाये जाने पर उप जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव से कहा कि ईओ को निर्देशित किया जाय कि जल-जमाव की निकासी सुनिश्चित करायें।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारीअवधेश विश्वकर्मा अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह, एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्री वास्तव ,तहसील दार अजीत सिंह,चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य सहित जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## 09 व 10 मार्च 2024 को बूथ पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे बीएलओ

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने जनपद के मतदाताओं से अपील किया है कि बीएलओ दिनांक 09 व 10 मार्च 2024 को बूथ पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे, मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के लिए अपने बूथ पर जरूर पहुंचे। यदि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो फॉर्म-06 भरकर अपना पंजीकरण अवश्य कराए।

## खबर कवरेज करने जा रहे पत्रकार पर गाड़ी चढ़ाकर मारने का प्रयास

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर मोड़ के पास एक पत्रकार पर गाड़ी चढ़ाकर उसको मारने का प्रयास किया गया है गाड़ी छोड़कर किसी तरह पत्रकार ने भाग कर जान बचाई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है चरवा थाना क्षेत्र के रैया देह माफी गांव निवासी रजनीश पुत्र मिठाई लाल एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता हैं शुक्रवार की शाम लगभग 5:00 बजे वह खबर कवरेज करने बाइक से महगाव की ओर जा रहे थे इसी बीच जैसे ही वह पैगंबरपुर मोड़ के पास पहुंचे एक पिकअप वाहन ने रजनीश पर वाहन चढ़ाकर उन्हें मारने का प्रयास किया जिधर रजनीश बाइक लेकर भागते थे वाहन चालक उधर गाड़ी को घुमा कर उनकी बाइक में टक्कर मारने का प्रयास कर रहा था जब उन्हें यह आशंका हो गयी कि गाड़ी वाला उन्हें मारना चाहता था वह गाड़ी छोड़कर भाग खड़े हुए दुर्घटना करने में असफल वाहन चालक ने राजनिसग को गाली गलौज देते हुए वाहन चालक भाग खड़ा हुआ है किसी तरह से पत्रकार की जान बची है अभी कुछ दिन पहले सैनी कोतवाली क्षेत्र में भी एक पत्रकार पर गाड़ी चढ़ाकर उसको मौत के घाट उतार दिया गया था यह मामला अभी ठंडा नहीं हुआ कि दूसरा मामला सामने आ गया है मामले की सूचना रजनीश ने थाना पुलिस को दी है पुलिस मामले की जांच कर वाहन चालक और वाहन स्वामी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# जनपद में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस




**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने सावित्री बाई फूले राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय,कोईलहा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मेगा इवेन्ट ₹अनन्ता₹ कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुये विस्तार पूर्वक चर्चा कर बताया गया कि प्रति वर्ष 08 मार्च को विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रसंशा, महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाईयों के सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये उनके अधिकारों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। विद्यालय की छात्राओं द्वारा इस अवसर पर विभिन्न मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं द्वारा रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं तथा अपने कार्यक्षेत्र में अग्रणी रहते हुये महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्यालय स्टाफ, छात्रायें, जनपद में कार्यरत स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि एवं अधिक संख्या में महिलायें उपस्थित रहीं। अन्त में सावित्री बाई फूले राजकीय बालिका विद्यालय कोईलहा की प्रधानाध्यापिका द्वारा महिलाओं के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाये जाने एवं प्रधानमंत्री के विकसित भारत की संकल्पना पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गयी।

# क्षेत्र के शिव मंदिरों में लगा रहा शिवभक्तों का तांता,भक्तों ने निकाली शिव बारात



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा नवीन मंडी समिति के प्रांगण स्थित महाकालेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को शिवरात्रि के अवसर पर सैकड़ों महिला पुरुषों बच्चों ने शिव पार्वती की पूजा अर्चना की है प्रांगण में ही श्री महाकालेश्वर सेवा समिति के पदाधिकारियों अझुवा गल्ला व्यापार मंडल के व्यापारियों ने पंडित देवेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में हवन यज्ञ पूजा पाठ कर प्रसाद वितरण किया है भोले का प्रसाद ठंडई का प्रयोग करते हुए भक्तों ने हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए बैंड बाजा डीजे के साथ नगर पंचायत अझुवा में शोभायात्रा शिव पार्वती की बारात निकाली है शिव बारात में प्रयागराज से बुलाए गई झांकी का प्रदर्शन मन को मोहने वाला था,जगह जगह झांकी के कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया है ।शिव बारात मंडी समिति से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहा,लाई मंडी गुड मंडी,शायरी माता तिराहे होते हुए सब्जी मंडी होते हुए पुनः राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर मंदिर प्रांगण पहुंची है जहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जहां हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर हर हर महादेव का नारा लगाया है इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य,चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा,शिव बाबू केसरवानी, गुड्डू केसरवानी,श्रवन केसरवानी ,प्रदीप केसरवानी,गुड्डू दराना ,मुकेश केसरवानी,योगेश कुमार केसरवानी,संदीप कुमार केसरवानी ,राजेश कुमार,अमित कुमार, अजय केसरवानी गुड़ वाले,रमेश केसरवानी गुड़ वाले,राजू अग्रहरी,राहुल केसरवानी सहित कस्बे के सैकड़ों शिव भक्त मौजूद रहे ।पूरा नगर पंचायत क्षेत्र शिव महिमा में लीन रहा है।

# गौतस्कर से पुलिस की हुई मुठभेड़

**गौतस्कर ने पुलिस पर किया फायर, पुलिस की फायरिंग में गौतस्कर को लगी गोली**



**कोखराज कौशाम्बी।** गौवंशों से भरे ट्रक को छोड़कर फरार होने वाले वाहन चालक की पुलिस से शुक्रवार की सुबह मुठभेड़ हो गई है मुठभेड़ के दौरान गौतस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के रोही के पास शुक्रवार की सुबह गौतस्कर के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है,मुठभेड़ के दौरान गौतस्कर रेहान ने पुलिस पर फायर कर दिया अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर करने से बचाव करते हुए पुलिस ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी पुलिस की जवाबी फायरिंग में गौतस्कर रेहान के पैर में गोली लगी है। और वह जमीन पर गिर पड़ा पुलिस ने उसे अपने हिरासत में ले लिया घायल गौतस्कर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।कोखराज थाना क्षेत्र के चमरुपुर का रहने वाला रेहान कौशाम्बी सहित प्रदेश में कई थाने पर वांछित है। और इस पर पहले से कई गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज हैं। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह गौतस्कर गुरुवार को कोखराज थाना क्षेत्र में पकड़ी गई गोवंशो की ट्रक का चालक है,गुरुवार को गोवंशो की ट्रक पकड़े जाने पर ट्रक से तीन लोग फरार हुए थे,जिसमे रेहान भी शामिल था ।जिसे शुक्रवार की सुबह रोही पुल के पास से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

## बभन पुरवा में भव्य मेले का होगा आयोजन

**कौशांबी** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनो के मजरा बभन पुरवा में 9 एवं 10 मार्च को भव्य मेले का आयोजन किया गया है मेले का आयोजन प्राइमरी स्कूल के पास स्थित शिव मंदिर में किया जाता है जहां भजन हरि कीर्तन आदि का आयोजन भक्तों द्वारा किया गया है जहां हजारों लोग उपस्थित होते हैं मेला कमेटी ने लोगों से मेला में शामिल होने की अपील की है।

## वांछित अभियुक्त चोरी के समान सहित गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराधी एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ा धाम पुलिस उप निरीक्षक रणजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा पंचायत भवन गिरधर पुर गड़ी में हुई चोरी से संबंधित मु0अ0स0 13/24 धारा 380/411 भादवि के प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त मोहम्मद सैफी उर्फ विरू पुत्र मोहम्मद शकील निवासी इस्लामपुर थाना कडाधाम जनपद को जमालपुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 02 अदद सीसीटीवी कैमरा व 750 रुपए बरामद किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# कड़ाधाम इंचार्ज ने बटालियन के साथ किया फ्लैग मार्च



**कड़ा कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु थाना कड़ा धाम के कई क्षेत्रों में आर्मी के बटालियन के साथ 8 मार्च को फ्लैग मार्च निकाला गया आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु थाना कड़ा धाम इंचार्ज आशुतोष सिंह आर्मी के बटालियन के साथ सौरई बुजुर्ग गिरधरपुर गाड़ी कड़ा आदि कई क्षेत्रों में आर्मी के बटालियन के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों को जागरूक किया गया शांतिपूर्वक तरीके से मतदान की अपील की आर्मी के बटालियन के जवानों के साथ कड़ा के कजियाना टोला मे गौ तस्करों के घर में छापा मारा गया उन्होंने कहा कि किसी ने अगर शांति भंग करने की कोशिश किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।

# बोर्ड सचिव के निर्देश को नहीं मानते कौशांबी जिले के आलाधिकारी

**बाह्य केंद्र व्यवस्थापक पर अभी तक नहीं हुई कानूनी कारवाई**

**कोखराज कौशांबी।** जिले के शिक्षा अधिकारी अपने आलाधिकारी की बात को किस तरह गंभीरता से लेते हैं इस बात की बानगी मंगलवार को देखने की मिली जब परीक्षा केंद्र पर लापरवाह बाह्य केंद्र व्यवस्थापक विनोद मिश्रा नदारत रहे। बाह्य केंद्र के लापरवाही पर बोर्ड सचिव दिव्यकान्त शुक्ला ने कड़ी नाराजगी जाहिर की व निर्देश दिए की इनको बदलकर इन पर कड़ी कारवाई की जाय, लेकिन जिले के आलाधिकारी डीआईओएस ने उन पर कारवाई के बजाय अभी तक अभयदान दिए हैं।

मालूम हो यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल के निरीक्षण में कौशांबी के महगांव इंटर कॉलेज में परीक्षा के दौरान बाह्य केंद्र व्यवस्थापक गायब मिले थे उन्हें तत्काल हटाकर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। बोर्ड सचिव ने मंगलवार को प्रयागराज एवं कौशांबी के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया था इसके साथ ही डीआईओएस कार्यालय के कंट्रोल रूम की भी जांच की कंट्रोल रूम में मिली कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया गया था। मालूम हो कौशांबी के दुर्गावती इंटर कॉलेज ओसा में बने कोठार की भी पड़ताल की गई थी।

गौरतलब है की परीक्षा के शुरू होने के पहले स्ट्रांग रूम केंद्र व्यवस्थापक बाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तीनों के सामने ही खोला जाता है। सभी के पास एक-एक चाबी भी रहती है प्रश्न पत्र का पैकेट भी तीनों की सहमति के बाद ओपन होता है। महगांव इंटर कॉलेज में नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी की प्रवक्ता विनोद मिश्रा की बाह्य केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति हुई थी सचिन के बाद केंद्र व्यवस्थापक की गैर हाजिर रहने पर नाराजगी जताई थी। बाह्य केंद्र व्यवस्थापक को हटाने के साथ ही कानून कार्रवाई के लिए भी कहा गया था।

# जेल से छूटने के बाद बालिका के पूरे कुनबे पर किया हमला

**अभियुक्त का इस कदर हौसला बढ़ा हुआ है कि बालिका का परिवार दहशत के साए में जी रहा है, अभियुक्त और उसके परिवार के धर्मेंद्र पिंटू गंगा कल्लू गुड़िया देवी ननकाई आदि लोगों ने किया हमला**



**चायल कौशांबी।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के जलालपुर भरती गांव में लड़की को भगा ले जाने के मामले में जेल भेजा गया एक अभियुक्त जेल से जमानत पर छूटने के बाद आतंक अत्याचार मचाए हुए हैं पीड़ित परिवार के साथ गाली गलौज करना मारपीट करना आए दिन की बात हो गई जेल से छूटे अभियुक्त का इस कदर हौसला बढ़ा हुआ है कि बालिका का परिवार दहशत के साए में जी रहा है 7 मार्च की सुबह भी मामूली बात पर बालिका की माता के साथ गाली गलौज किया गया था उसके बाद देर रात फिर बालिका के परिवार में घर के भीतर घुसकर प्राण घातक हमले किए गए हैं जिससे पूरे कुनबे को चोट आई हैं। गंभीर धाराओं में पुलिस ने जेल भेजा था अदालत से जमानत मिलने के बाद जेल से छूटने के बाद अभियुक्त और उसके परिवार के धर्मेंद्र पिंटू गंगा कल्लू गुड़िया देवी ननकाई आदि लोगों ने 7 मार्च की रात्रि में पीड़ित बालिका के परिवार में लाठी डंडा कुल्हाड़ी लोहे का रॉड लेकर घर के भीतर घुस गए और बालिका के परिवार के लोगों के साथ जमकर मारपीट की बालिका के परिवार के लोग रोते चिल्लाते रहे लेकिन आधे घंटे से अधिक समय तक अभियुक्त परिवार के लोगों ने बालिका के परिवार के साथ उत्पात मचाया इस हमले में बालिका समेत उसकी दो बहन एक भाई माता-पिता लहूलुहान हो गए हैं घायल अवस्था में बालिका के परिवार के लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई लेकिन खबर लिखे जाने तक आरोपी पक्ष पर कार्रवाई नहीं हुई है।

## जमानत पर छूटने के बाद अभियुक्त कुल्हाड़ी लेकर परिजनों पर हमला करने का कर रहा प्रयास

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के इकबाल नगर भीटी देह माफी गांव का गुड्डू पुत्र कंधई लाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया था जहां से उसे जमानत मिल गई है जमानत पर छूटने के बाद गुड्डू अपने भाई बुलबुल वा ज्ञानचंद और अपनी मां पर हमला करने की फिराक में कुल्हाड़ी लेकर पूरे दिन घूम रहा है परिवार के लोगों को वह लगातार धमकी दे रहा है। बताया जाता है कि ज्ञान चंद्र पर पहले भी गुड्डू हमला कर चुका है जिससे ज्ञानचंद को चोट आई थी जिसकी सूचना पुलिस को देने के बाद पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया बल्कि शांति भंग की धारा में गुड्डू का चालान कर दिया था मजिस्ट्रेट से जमानत मिलने के बाद गुड्डू फिर हमला करने की योजना बना रहा है जिससे परिवार के लोग भयभीत हैं बुलबुल पुत्र कंधईलाल ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गुड्डू पर कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### गंगा नदी में स्नान कर शिव भक्तों ने शिव मंदिर में की पूजा अर्चन



**कोखराज कौशाम्बी** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव भक्तों में गंगा नदी में स्नान करने के बाद शिव मंदिर में पूजा अर्चन की है सिराथू तहसील के संदीपन घाट के तट गंगा नदी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में डुबकी लगाकर हर हर महादेव के नारे के साथ भगवान शिव को जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना किया इसके साथ इलाके के पल्हना घाट कड़ा घाट सहित विभिन्न गंगा घाट में स्नान करने वाले शिव भक्तों की भीड़ लगी रहे वहीं भीड़ को एसओ कोखराज ने पुलिस बल के साथ जा कर गंगा नदी में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को गहरे जल में न जाने के लिए कहा जिससे किसी भी तरह की अनहोनी न होने पाए

### मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन ने ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम में पहुंचकर मतदाताओं को किया जागरूक



**कौशाम्बी** भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन ने आज जनपद का भ्रमण कर अधिकाधिक मतदाताओं को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन जनपद की ग्राम पंचायत गिरिया खालसा, तिल्हापुर मोड, ग्राम पंचायत बसुहार, म्योहर, अषाढा, दानपुर, टेवा, सेलरहा पूरब व पश्चिम, सयारां मीठेपुर एवं अलीपुर जीता में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

### एक स्थान के सूखे पेड़ का परमिट लेकर कई स्थानों पर काट दिए गए हरे पेड़



**कोखराज कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के काशिया पश्चिम गांव और उसके आसपास विभागीय साठगाँठ से लकड़ी माफिया बेखौफ तरीके से हरे पेड़ को काट रहे हैं एक स्थान पर सूखे पेड़ काटने का परमिट लेकर के कई स्थानों पर हरे पेड़ काटे जा रहे हैं विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं दो दिन से लगातार हरे महुआ के पेड़ काटे जा रहे है आशीष मिश्रा के गाटा संख्या 1757 रक्बा 0.0910 में 3 पेड व आषीश मिश्रा के नाम 4 पेड़ दूसरे कागज में इसी गाटा संख्या 1757 रक्बा 0.0910 में बना है जबकि इसी कागज पर 3 बीघा दूर बगैर परमीशन गलत तरीके से 4 पेड़ हरा महुआ हाइवे रोड किनारे वाचस्पति विद्यालय में सैनी डोरमा निवासी रामविलास नाम का लकड़ी माफिया ने हरे महुआ के विशाल पेड़ काट दिए हरे पेड़ काटे जाने के संबंध में जब वन दरोगा से बात की गई तो वह सही तरीके से नहीं बात कर रहे है डी एफ ओ से बात की गई तो उन्होंने जांच की बात कही है।

### डॉ एन के गुप्ता यूरो लाजिस्ट सभी गंभीर बीमारियों को प्रत्येक शनिवार एवम रविवार करेंगे दूर



**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा भरवारी में बृजेश मेमोरियल अस्पताल के मुखिया डॉ मयंक केसरवानी जो की हड्डी रोग विषेशज्ञ हैं उनके प्रयास से गरीबों के गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगो के कष्ट को दूर करने के लिए भारत वर्ष के बहुत ही सरल अनुभवी कर्मठ एवम व्यक्तित्व के धनी डॉ एन के गुप्ता यू रो लाजिस्ट एम बी बी एस को भरवारी के बृजेश मेमोरियल अस्पताल में प्रत्येक शनिवार एवम रविवार को समय सुबह ग्यारह बजे से शाम सात बजे तक अस्पताल मे मरीजों को देखने के लिए उपलब्ध रहेंगे '। उक्त आशय की जानकारी अस्पताल के प्रबंधक अर्चित केसरवानी ने दी हैं '

### श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, कई श्रद्धालु घायल



**अझुवा कौशाम्बी** जिले में श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा ई रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया, ई रिक्शा पलटा देख लोग दौड़े और लोगो को बाहर निकाला, हादसे में कई श्रद्धालु घायल हो गए जिन्हे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर से कड़ा धाम से गंगा स्नान एवम दर्शन कर श्रद्धालु वापस लौट रहे थे तभी अचानक सैनी कोतवाली के थुलगुला गांव के पास ई रिक्शा अनियंत्रित हो गया और सड़क के किनारे बने गड्ढे नुमा तालाब में चला गया और पलट गया। मौके पर चीख पुकार मच गई घटना के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने सभी श्रद्धालुओं को बाहर निकाला और नजदीक के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा।

### आर्य समाज मंदिर अझुवा में ऋषि बोध दिवस एवम शिवरात्रि का मनाया गया पर्व



**अझुवा कौशांबी** आर्य समाज के संस्थापक राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रसारक वेदों द्वारा अर्थ वेदों के पुनरुद्धारक सत्य सनातन वैदिक धर्म के रक्षक देश की स्वतंत्रता और स्वदेशी के मंत्र दाता महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के बोध दिवस/ महाशिवरात्रि के पर्व पर आर्य समाज मंदिर में ऋषिबोधोत्सव दिवस को आध्यात्मिक पर्व के रूप में मनाया गया मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद संतोष कुमार जोशी ने बताया सांसारिक माता-पिता तो मात्र वर्तमान जीवन में जीव का कल्याण करता है परंतु परमपिता परमात्मा तो जन्म जन्म अंतर तक जीव का कल्याण करता रहता है जीवो का महान कल्याण करता होने से उसे परमात्मा की एक संज्ञा शिव से दी गई है आर्य समाज के प्रधान कपूर चंद ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन की घटनाओं का वर्णन करते हुए बताया कि उनका इस धरा धाम पर आना कम से कम भारत के लिए आध्यात्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में एक वरदान है। इस अवसर पर महर्षि दयानंद सरस्वती पर गीत प्रस्तुत किए गए जो मंत्र मुग्ध करने वाले थे मौके पर रमेश चंद्र नेता,संतोष कुमार आर्य , सोम मुनि,सुनीता आर्या, आदित्य केसरवानी सहित तमाम महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# महिला सशक्तीकरण पर बेईमान रवैया

देश एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजनों का साक्षी बनने के लिए तैयार हो चुका है। सरकारी, गैर-सरकारी संस्थानों में महिलाओं का सम्मान करने के लिए कार्यक्रम किए होंगे। पत्र-पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित होंगे, जिनमें भारत में स्त्रियों को देवी का दर्जा दिए जाने की महान परंपरा की बातें होंगी। 21वीं सदी में देश में सेना, विज्ञान, शिक्षा, खेल-कूद, कारोबार, कला-संस्कृति हर क्षेत्र में महिलाओं ने कितनी उन्नति की है, इसके उदाहरण पेश किए जाएंगे।

महिला राष्ट्रपति से लेकर विभिन्न किस्म के उच्च पदों पर बैठी महिलाओं की जीवनगाथाएं प्रस्तुत होंगी। हर साल यही सब होता आया है और आगे भी होता रहेगा। स्त्री शक्ति को रेखांकित करते ऐसे आयोजनों में पीड़ित, शोषित और वंचित महिलाओं की बातें बड़े सुविधाजनक तरीके से किनारे कर दी जाती हैं। मौजूदा सरकार का भी यही तरीका है। अब 2014 वाला दौर नहीं रहा, जब निर्भया कांड के बाद सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट करने के लिए जनता अगर सड़कों पर उतर आई तो तत्कालीन सरकार ने ऐसा करने से जनता को नहीं रोका, न ही इस मामले को दबाने की कोशिश की या इस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा कि उनके कार्यकाल में एक जघन्य अपराध घटित हुआ है। बल्कि तब कांग्रेस सरकार ने निर्भया के इलाज की पूरी जिम्मेदारी उठाई, पीड़िता की मौत के बाद उसके परिवार को राहुल गांधी ने सहारा दिया, उनके भाई को पायलट बनाने में मदद की, लेकिन कभी इस का कोई प्रचार नहीं किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बरसों-बरस मनाने और लैंगिक समानता का ढोल पीटने के बावजूद यह एक कड़वी हकीकत है कि महिलाओं के लिए बराबरी और सम्मान की सोच समाज में अब तक व्याप्त नहीं हो पाई है। किस्म-किस्म के भेदभाव और अत्याचार महिलाओं पर होते रहे हैं और इसके लिए किसी सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका व्यापक संबंध समाज की मानसिकता से जुड़ा है। सरकारें अपने फैसलों और नीतियों से इस मानसिकता को सुधारने का काम अवश्य कर सकती हैं, साथ ही महिला सशक्तिकरण जैसे विस्तृत विषय को राजनीति से दूर रख सकती हैं। खेद है कि मौजूदा केंद्र सरकार में ऐसा नहीं हो रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे एकाध नारे और दो-चार योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री नारी सशक्तीकरण का श्रेय लेना चाहते हैं। नये संसद भवन में महिला आरक्षण पर विधेयक पारित करवा कर उन्होंने इतिहास रचने का दावा भी किया, हालांकि उनके दावों की हकीकत कई बार जनता देख चुकी है। महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर उनका दुचित्तापन भी अब सामने आ चुका है।

बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी प.बंगाल में थे, जहां हाल ही में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख पर लगा है। शाहजहां शेख फिलहाल कानून की गिरफ्त में है। प.बंगाल में भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस से आगे निकलना चाहती है।

लिहाजा प्रधानमंत्री ने उत्तरी 24 परगना जिले के बारासात में भाजपा की नारी शक्ति अभिनंदन रैली की और इसमें कहा कि संदेशखाली में जो कुछ भी हुआ, उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा। लेकिन टीएमसी सरकार अपराधी को बचाने पर तुली हुई है। इसके बाद उन्होंने बताया कि उनके दस साल के शासनकाल में महिलाएं कितनी मजबूत हुई हैं। श्री मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात भी की। गनीमत है कि संदेशखाली की पीड़िताओं की व्यथा सुनने का वक्त प्रधानमंत्री को मिला। अन्यथा हाथरस, कठुआ, उन्नाव की पीड़िताएं अपने दर्द और अन्याय को भुगतते हुए चली गईं।

मणिपुर की महिलाओं के दर्द का जिक्र तो प्रधानमंत्री करना ही नहीं चाहते। वैसे दाद देनी पड़ेगी प्रधानमंत्री के बड़बोलेपन और मिथ्यालाप के दुस्साहस की, टीएमसी के शासन में महिलाओं पर क्या अत्याचार हुआ है, इस पर वे खूब बरस रहे हैं, लेकिन कानपुर में दो नाबालिग बच्चियों को सामूहिक बलात्कार के बाद मार दिया गया और अब उनमें से एक के पिता ने भी आत्महत्या कर ली है, क्योंकि आरोपी उन पर समझौते का दबाव बना रहे थे, इस पर प्रधानमंत्री शायद ही कुछ कहें, क्योंकि उत्तरप्रदेश में भाजपा की सरकार है।

इसी तरह उत्तराखंड में पिछले साल अंकिता भंडारी नामक युवती की हत्या कर दी गई थी। जिस रिसार्ट में अंकिता काम करती थी, वहां के मालिक ने कथित तौर पर कुछ लोगों को विशेष सेवा देने का दबाव अंकिता पर बना रहे थे, और इंकार करने पर उसे मार ही दिया गया। कार्रवाई के नाम पर रिसार्ट का वो हिस्सा बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया, जहां से सबूत मिल सकते थे। इस पूरे मामले को प्रमुखता से उठाने और इस पर जनआंदोलन खड़े करने वाले पत्रकार आशुतोष नेगी को उत्तराखंड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि श्री नेगी लोगों को उकसा रहे थे। हालांकि उनकी गिरफ्तारी के बाद पौड़ी में बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस निकाल कर पुलिस को गलत साबित कर दिया है। अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए लोगों में बेचैनी और सरकार के लिए नाराजगी दिख रही है।

# राहुल से सवाल और सरकार के सामने मुंह बंद

**– सर्वमित्रा सुरजन**

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने इस बात की ओर अपनी लगभग हर प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि लोगों के हित से जुड़े मुद्दों को मीडिया नहीं दिखाता है, बल्कि वो ऐसे मुद्दों को उठाता है जिनसे लोगों का ध्यान भटके। मीडिया सिनेमा, क्रिकेट की बातें करता है या फिर हिंदू-मुस्लिम के बीच झगड़ों की कहानियां दिखाकर नफरत फैलाता है।

इजरायल में रोजगार के लिए गए तीन भारतीय बीते दिनों मिसाइल हमले का शिकार हुए, जिनमें दो घायल हैं, जबकि तीसरे व्यक्ति पैटनीबिन मैक्सवेल की मौत हो गई है। मैक्सवेल के पिता ने बताया है कि दो हफ्ते पहले भी इसी तरह का हमला हुआ था तो उन्होंने अपने बेटे को किसी सुरक्षित स्थान में जाने की सलाह दी थी, लेकिन उसके नियोक्ताओं ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। परसाई जी आज होते तो व्यंग्य में बताते कि ऐसे हालात पर लोग कहते देखो, मौत कहां खींच कर ले गई। लोग यह नहीं देखते कि मैक्सवेल के लिए मौत का बुलावा इजरायल से नहीं आया, बल्कि निकम्मी सरकार ने उसे मौत के मुंह में धकेला। अभी पिछले महीने ही खबर आई थी कि नौकरी का झांसा देकर कुछ भारतीयों को रूस ले जाया गया, फिर उन्हें रूसी सेना में जबरदस्ती भर्ती करके यूक्रेन के साथ लड़ाई में झोंक दिया गया।

सरकार ने अगर देश में ही रोजगार और उद्यमों की संभावनाएं सभी के लिए उपलब्ध करवाई होतीं तो मजाल है कि मामूली नौकरियों के लिए लोगों की जान के सौदे किए जाते। लेकिन सरकार न नौकरी पर बात करना चाहती है, न हर साल दो करोड़ रोजगार के वादे का कोई जिक्र भूले से करती है, न उसे परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों की कोई फिक्र है, जिसमें लाखों नौजवानों का भविष्य तबाह हो रहा है। राहुल गांधी ने पिछले दिनों अपने एक ट्वीट में नौकरी की गारंटी को मोदी सरकार का झांसा बताया है और कहा है कि अगर संसद में पेश किए गए केंद्र सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 9 लाख 64 हजार पद खाली हैं। महत्वपूर्ण विभागों में ही देखें तो रेलवे में 2.93 लाख, गृह मंत्रालय में 1.43 लाख और रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं। इसके बाद राहुल गांधी नौजवानों से वादा करते हैं कि हमने नौकरियों के लिए ठोस प्लान तैयार किया है और इंडिया गठबंधन की सरकार आते ही हम युवाओं के लिए नौकरी के बंद द्वार खोल देंगे।

राहुल गांधी का इस तरह का वादा भाजपा को बहुत चुभता होगा, क्योंकि भाजपा ने तो तीसरी बार सत्ता में आने का मन बना लिया है। श्री मोदी को तीसरी बार भी लालकिले से झंडा फहराने का दावा मन की बात करने जैसा ही आसान लगता होगा। हालांकि तीसरी बार सत्ता में आकर भाजपा ऐसा क्या कर पाएगी, जो उसने 10 साल सत्ता में रहकर नहीं किया, इसका कोई ठोस प्लान भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पास नहीं होगा। उन्हें किसी प्लान-व्लान की जरूरत भी क्या है, जब उनका काम भावनाओं के ज्वार पर सवार होने से सध जाता है।

लेकिन राहुल गांधी लोगों को भावनाओं में बहने से रोकने की कोशिश लगातार करते चले जा रहे हैं। इसलिए अब वे भाजपा ही नहीं, उसका साथ देने वाले मीडिया की नजरों में भी खटकने लगे हैं। राहुल गांधी बिना झिझके बोलते हैं कि युवाओं को सात-आठ घंटे मोबाइल देखने का नशा इस सरकार ने कराया है, लोगों से जय श्रीराम के नारे सरकार लगवा रही है, फिर चाहे वे भूख से क्यों न पीड़ित रहें

राहुल गांधी हमेशा से ऐसे ही रहे हैं, लेकिन उन्हें एक नौसिखिए, नासमझ, अहंकारी, वंशवादी राजनीति का प्रतीक बताने में मीडिया और भाजपा ने बखूबी जुगलबंदी की। पिछले 10 सालों में इसका असर ज्यादा दिखा, हालांकि यह काम राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से ही शुरू हो गया था। पहले उन्हें सोनिया गांधी का पुत्र होने के नाते कई बार निशाने पर लिया गया और जब राहुल गांधी ने गरीबों, आदिवासियों, वंचितों, किसानों के मुद्दों को मुख्यधारा के विमर्श में लाने की कोशिश की तो उद्योगपतियों की पूंजी से संचालित मीडिया ने उन पर कई तरह के हमले किए। एक राहुल गांधी के होने से देश की राजनीति का कितना बंटाधार हो रहा है, इस तरह की कहानियां लोगों के बीच खूब फैलाई गईं। यूपीए को दो बार सत्ता से बाहर कर लोगों ने भी बता दिया कि उन्हें मीडिया और भाजपा के गढ़े कथानक पर यकीन था।

हालांकि अब शायद हालात बदल रहे हैं। नौकरी, परीक्षा, सेना में भर्ती, पेंशन, किसानों के मुद्दे, राज्यों के दर्जे, महिलाओं की स्थिति ऐसे अनेक सवालों पर देश के अलग-अलग राज्यों में भाजपा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की खबरें आने लगी हैं। मुख्यधारा के मीडिया में इन्हें न दिखाने की पूरी कोशिश की जाती है, लेकिन विश्वसनीयता का थोड़ा बहुत ख्याल रखना होता है, तो इन प्रदर्शनों और आंदोलनों को दिखाया जाता है। इसलिए शायद अब श्री मोदी को दुखी होकर यह कहना पड़ा है कि मीडिया में उनकी खबरें दबाई जाने लगी हैं। हालांकि इस बात में कोई सच्चाई नहीं है, लेकिन सोचिए जिस देश के प्रधानमंत्री यह कहे कि मीडिया उनकी खबर नहीं दिखाता है, वहां मीडिया की साख पर कितना बड़ा प्रश्नचिह्न लगा है।

# खुद की हत्या करना जैसा है धूम्रपान का आदी होना

**धूम्रपान निषेध दिवस -13 मार्च,**

हर साल मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस यानी नो स्मोकिंग डे मनाया जाता है। धूम्रपान के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को बताने और धूम्रपान छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस साल धूम्रपान निषेध दिवस 13 मार्च को पड़ेगा। साल 2024 की थीम बच्चों को तंबाकू प्रोडक्ट्स से बचाना है। पहली बार साल 1984 में आयरलैंड गणराज्य में यह दिवस मनाया गया था। मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। चिकित्सा रिपोर्ट्स के अनुसार धूम्रपान को कैंसर और अन्य असाध्य बीमारियों का कारण माना गया है। शोधकताओं के मुताबिक धूम्रपान निषेध दिवस कारगर साबित हुआ है क्योंकि इस दिन दस लोगों में से कम से कम एक व्यक्ति धूम्रपान छोड़ता है।



अमेरिकन राइटर कर्ट वोनगुट कहते हैं कि सिगरेट पीना खुद की हत्या करना जैसा है। तंबाकू या धूम्रपान व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डालता है। हालांकि ये बात जानते हुए भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप से तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। धूम्रपान करने से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। धूम्रपान करने वाले लोगों के संपर्क में आने से भी अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और निमोनिया जैसी बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में धूम्रपान की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। सरकार की नीतियां भी दोगली है। एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? यह समस्या केवल भारत की ही नहीं है, बल्कि समूची दुनिया इससे पीड़ित, परेशान एवं विनाश के कगार पर खड़ी है।

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं धूम्रपान के आदी हो चुके हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग धूम्रपान के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। धूम्रपान आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को धूम्रपान मुक्त, तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए?

नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की अनेक प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? ये बहुत जरूरी है कि वैश्विक स्तर पर तंबाकू सेवन के प्रयोग पर बैन लगाया जाये या इसे रोका जाये क्योंकि ये कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदयघात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीति, विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि। तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। अस्पतालों के वार्ड ऐसे रोगियों से भरे रहते हैं जो अपनी जवानी नशे को भेंट कर चुके होते हैं। ये तो वे उदाहरणों के कुछ बिन्दु हैं, वरना करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। डब्ल्यूएचओ के अनुसार धूम्रपान की लत से हर साल लगभग 80 लाख लोग मारे जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मौतें कम तथा मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ ने पनामा में एक सम्मेलन में अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो वर्ष 2030 में प्रति वर्ष धूम्रपान की वजह से मारे जाने लोगों की संख्या बढ़कर एक करोड़ के आसपास हो जाएगी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 92 देशों के 2.3 अरब लोगों को धूम्रपान पर किसी न किसी तरह लगाए गए प्रतिबंधों से लाभ हुआ है। मतलब साफ है कि आने वाले समय में इनमें से सबसे ज्यादा नुकसान भारत को ही होने जा रहा है। सिगरेट या बीड़ी का धुआं किसी मजहब और प्रांत को नहीं पहचानता, किसी आरक्षण या राजनीतिक झुकावों को नहीं जानता। वह किसी अमीर और गरीब में भी भेद नहीं करता, उसका सबके लिए एक ही मेसेज है, और वह है मौत। किन्तु दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने इसे अपने स्टेटस सिम्बल, आधुनिकतावादी एवं फैशनपरस्ती के रूप में दिखाते हैं। धूम्रपान दरअसल एक लत है जिससे जब तक व्यक्ति दूर रहता है तब तक तो वह ठीक रहता है लेकिन एक बार यदि इसे प्रारम्भ कर दिया जाए तो इंसान को इस नशे में मजा आने लगता है। कुछ कहने-सुनने से पहले यह जान लें कि धूम्रपान हर दृष्टि से हानिकारक है, जानलेवा है। धूम्रपान से रक्तचाप में वृद्धि होती है, रक्तवाहिनियों में रक्त का थक्का बन जाता है। ऐसे लोगों में मृत्यु दर 2 से 3 गुना अधिक पाई जाती है। धूम्रपान से टीबी होता है। कई ऐसे हॉलिवुड सिंगर्स हैं जिन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि अधिक धूम्रपान करने से उनकी आवाज खराब हुई। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है।

लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। स्कूलों के बाहर नशीले पदार्थों की धडल्ले से बिक्री होती है, किशोर पीढ़ी धुए में अपनी जिन्दगी तबाह कर रही है। हजारों-लाखों लोग अपने लाभ के लिए नशे के व्यापार में लगे हुए हैं और राष्ट्र के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चमड़े के फीते के लिए भैंस मारने जैसा अपराध कर रहे हैं। बढ़ती तम्बाकू प्रचलन की समस्या विश्व की दूसरी समस्याओं में सबसे देरी से जुड़कर सबसे भयंकर रूप से मुखर हुई है। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है। अगर आंकड़ों को सम्मुख रखकर विश्व मानचित्र (ग्लोब) को देखें, तो हमें सारा ग्लोब नशे में झूमता दिखाई देगा। प्रेषकः

(ललित गर्ग)
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# लोकतंत्र के शुभ को आहत करने वाले अपराधी नेता

आपराधिक छवि वाले या जघन्य अपराधों में लिप्त लोगों को राजनीति दलों का संरक्षण मिलना भारतीय लोकतंत्र की बड़ी विडम्बना है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को संदेशखाली हिंसा, जमीन घोटाले, स्कूल घोटाले, देह व्यापार के धंधे व यौन उत्पीड़न के आरोप में आखिर सीबीआइ के सुपुर्द कर दिया गया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार लगातार अदालती आदेशों की धज्जियां उडाती रही, ममता ने शाहजहां शेख को सीबीआइ को सुपुर्द करने के मामले में जो गैरजिम्मेदाराना एवं अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया वह आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत ऐसे ही अवसरों पर सामने आती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के दुबारा आदेश के बावजूद संदेशखाली मामले के आरोपी को सीबीआइ के सुपुर्द करने में देरी होना न केवल समझ से परे है बल्कि यह लोकतंत्र एवं न्याय व्यवस्था की अवमानना है। इस पूरे प्रकरण से राजनीति समझ में आती है जो एक आरोपी को लेकर हो रही है।



लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और राज्य में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शेख के मामले को एक राजनैतिक मुद्दा बनाने पर तुले हुए हैं। आज भारत की आजादी का अमृत महोत्सव की परिसम्पन्नता पर एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि शेख पर गंभीर आरोपों के बावजूद ममता सरकार उसे बचाने में लगी रही। शेख अपने इलाके संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न करता था और देह व्यापार के धंधे में भी संलग्न था। ये आरोप गंभीर हैं जिनकी गहनता से जांच होनी चाहिए। मगर हो यह रहा है कि राज्य सरकार शेख की रक्षा में नजर आ रही है और भाजपा लगातार आक्रमण कर रही है। विडम्बना यह है कि शाहजहां शेख कोई समाजसेवी न होकर वर्तमान दौर का मुनाफेबाज नेता, व्यभिचारी, हिंसा एवं अराजकता फैलाने का आरोपी है। वैसे तो ममता दीदी की सरकार में कई घोटाले हुए हैं मगर स्कूल घोटाले में शाहजहां शेख का नाम आने पर प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ जब जांच शुरू की तो हंगामा बरपा हो गया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम विगत जनवरी माह के पहले सप्ताह में जब शाहजहां शेख के यहां संदेशखाली पहुंची तो स्थानीय तृणमूल कार्यकताओं ने उस टीम पर हमला बोल दिया। इनमें अधिसंख्य शेख के समर्थक ही थे।

तृणमूल कांग्रेस एवं उनके नेताओं पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, वे हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे क्यों हट जाते हैं? तृणमूल कांग्रेस में शेख जैसे नेताओं की कमी नहीं हैं। संदेशखाली से महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीनों के कब्जे को लेकर आ रही खबरें डराने वाली हैं। इन खबरों में कितनी सच्चाई है, इसका फैसला तो अदालत ही करेगी। तो फिर आरोपी को बचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार एड़ी-चोटी का जोर क्यों लगाती रही? यहां सवाल तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का अथवा किसी अन्य दल का नहीं है। सवाल है, महिलाओं की अस्मिता से खेलने के आरोपियों को सजा दिलाने का। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री स्वयं महिला हैं और उन्होंने एक महिला के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले नेता को क्यों राजनीतिक संरक्षण दिया?

आज राजनीति की दशा बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन बड़ा सवाल है कि कब मुक्ति मिलेगी शेख जैसे अपराधी तत्वों से राष्ट्र को?

राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो। राजनीतिक दलों के बीच टकराव समझ में आता है, लेकिन सरकार में बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि वे कार्यकताओं और अपराधियों के बीच के फासले को समझें। चंद वोटों की खातिर देश के अलग-अलग हिस्सों में अपराधियों को शह देने के नतीजे सामने आते रहे हैं। अपराधी का न कोई धर्म देखा जाना चाहिए और न ही विचारधारा। कानून को अपना काम करने देना चाहिए, तभी लोकतंत्र की सार्थकता है।

यह अजीब स्थिति है कि अक्सर साफ-सुथरी और ईमानदार सरकार देने के दावों के बीच आपराधिक छवि के लोगों को उच्च पद देने या अपने दल का नेता बनाने का सवाल उभर जाता है। सवाल है कि क्या ममता अपने ही दावों को लेकर वास्तव में गंभीर हैं? ऐसे जिम्मेदार राजनेता अपने दावों से पीछे हटेंगे तो राजनीति को कौन नैतिक संरक्षण देगा? हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे स्वस्थ राजनीति मूल्यों को स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? इस तरह अपराधी तत्वों को महिमामंडित करने के बाद ममता के दावों एवं लम्बे संघर्षों की क्या विश्वसनीयता धूमिल नहीं हो जायेगी? केवल सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शेख को छह साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा कर अपनी पार्टी की अपराध-छवि को ढक नहीं सकती। आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। राजनीति का यह हश्र आम लोगों के लिए गौर करने काबिल हो सकता है। यदि ऐसे मुद्दे प. बंगाल में लोकसभा चुनावों के केन्द्र में रहेंगे तो इससे बड़ा मजाक बंगाली जनता के साथ दूसरा नहीं हो सकता है क्योंकि बंगाली जनता देश की आजादी के आन्दोलन से लेकर स्वतन्त्र भारत तक में राजनीति के प्रगतिशील चेहरे एवं आदर्शवादी की पहचान रही है। इस राज्य ने एक से बढ़कर एक क्रान्तिकारी व गांधीवादी दिये हैं। इन साफ-सुथरी एवं प्रेरक स्थितियों के बीच शाहजहां शेख जैसे नेताओं के कुकृत्यों एवं तृणमूल कांग्रेस की दुर्दशा पर रोया ही जा सकता है। होना तो यह चाहिए था कि जब शाहजहां शेख के खिलाफ गंभीर महिला उत्पीड़न आदि के आरोप लगे थे तो तभी राज्य पुलिस त्वरित कार्रवाई करके उसे कानून के सामने पेश करती। बेशक आरोप गलत भी हो सकते हैं मगर प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला करने के लिए लोगों को उकसाना कैसे सही ठहराया जा सकता है?

# बीजेपी का घटता आत्मविश्वास, फीका होता मोदी मैजिक

**– राहुल लाल**

पिछले चुनाव तक बीजेपी प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर किसी भी उम्मीदवार को जीत दिलवाने का आत्मविश्वास रखती थी, लेकिन अब आत्मविश्वास खोती हुई बीजेपी स्टार कलाकारों पर निर्भर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन के कारण दिल्ली में बीजेपी के 5 उम्मीदवारों में से केवल एक वर्तमान सांसद मनोज तिवारी को टिकट मिल पाया, शेष 4 वर्तमान सांसदों का टिकट कट गया।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची से ही बीजेपी की कई गंभीर कमियां और विपक्ष की मजबूती दिखने लगी है। प्रथम सूची जारी होते ही आसनसोल से बीजेपी उम्मीदवार पवन सिंह ने चुनाव पूर्व ही हार स्वीकार करते हुए अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। इस घटना के अगले दिन ही उत्तर प्रदेश के बाराबंकी सांसद उपेंद्र रावत ने भी एक तथाकथित वीडियो वायरल होने के बाद अपना टिकट वापस कर दिया। इस तरह अब 195 उम्मीदवारों में से 193 बीजेपी प्रत्याशी मैदान में हैं। इस टिकट वितरण से यह भी स्पष्ट हो गया कि बीजेपी उत्तर प्रदेश में बुरी तरह फंसी हुई है। बीजेपी ने यहां 51 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें सभी वर्तमान बीजेपी सांसदों को पुनः टिकट दे दिया गया, केवल 4 हारे हुए स्थानों पर टिकट बदला गया। जबकि दूसरे राज्यों में कई वर्तमान सांसदों के टिकटों को भी काटा गया।

बीजेपी ने टिकट वितरण से पूर्व कई मापदंडों की बात कही थी,जिसमें सर्वप्रथम चर्चित मापदंड उम्र से संबंधित था। उम्र के आधार पर ही बीजेपी में कई वरिष्ठ नेताओं को शानदार प्रदर्शन के बावजूद मार्गदर्शन मंडल में भेजा जा रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश में यह मापदंड भी लागू नहीं हुआ। उदाहरण के लिए गुजरात के बनासकांठा सीट और उत्तर प्रदेश के मथुरा सीट की तुलना करके देखा जाए। बनासकांठा में वर्तमान बीजेपी सांसद परबत पटेल की उम्र 75 वर्ष थी और उनकी टिकट काटी गई।

सांसद परबत पटेल का प्रदर्शन भी अच्छा था। वहीं दूसरी ओर मथुरा सीट पर बीजेपी सांसद हेमा मालिनी की उम्र भी 75 वर्ष है। पिछले 10 वर्षों में जनता से उनका संवाद भी नहीं के बराबर रहा। वे अधिकांशतः मुंबई रही। इस तरह परबत पटेल की तुलना में उनका प्रदर्शन भी खराब रहा, फिर भी उनका टिकट नहीं कटा। डुमरियागंज के बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल भी 74 वर्ष के हो चुके हैं। फिर भी उनका टिकट नहीं कटा। वहीं बनासकांठा में बीजेपी ने परबत पटेल का टिकट काटकर रेखा बेन चौधरी को टिकट दिया। ज्ञात हो रेखा बेन चौधरी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। स्पष्ट है कि गुजरात में टिकट वितरण में बीजेपी जोखिम उठाने से पीछे नहीं हट रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में बीजेपी डरी हुई दिखाई दे रही है, जिससे वह कोई भी जोखिम नहीं ले रही है।

उत्तर प्रदेश को बीजेपी अपना गढ़ बताया करती है, लेकिन अब उसी उत्तर प्रदेश में बीजेपी के आत्मविश्वास में भारी कमी दिख रही है। आत्मविश्वास की कमी के कारण वह अपने विवादास्पद सांसदों का टिकट भी नहीं काट पा रही। बीजेपी का दावा है कि वह उम्मीदवारों को टिकट देने से पहले अलग-अलग तीन-तीन एजेंसियों से सर्वे करा रही है और नमो एप पर भी आंकड़ों का विश्लेषण कर टिकट दे रही है। इन सबके बावजूद बाराबंकी से सांसद उपेंद्र रावत को पुनः उम्मीदवार कैसे बना लिया गया था? उनके तथाकथित वायरल वीडियो से पूर्व भी वे लगातार विवादों में रहे हैं। अधिकारियों के साथ गालीगलौज और मारपीट की धमकी वाले उनके ऑडियो हमेशा वायरल होते रहे हैं, फिर भी इनके उम्मीदवारी पर कोई असर नहीं पड़ा। अंततः बीजेपी को अब बाराबंकी सीट पर इस शर्मनाक स्थिति को झेलना पड़ रहा है।

बीजेपी उत्तर प्रदेश में यूं तो 80 सीट जीतने का दावा कर रही थी, लेकिन इतने भारी दबाव में है कि काफी खराब प्रदर्शन करने वाले सांसदों को भी पुनः उम्मीदवार बनाने के लिए बाध्य हो गई। इस संदर्भ में उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश के सलेमपुर लोकसभा सीट और झारखंड के लोहरदग्गा सीट की तुलना काफी रोचक है। बीजेपी ने उत्तर प्रदेश के सलेमपुर में बीजेपी सांसद रवींद्र कुशवाहा को पुनः उम्मीदवार बनाया है, जबकि क्षेत्र में उनके अत्यंत खराब प्रदर्शन से लोग काफी नाराज हैं। प्रायः सत्ता विरोधी रूझान को कम करने के लिए ऐसे स्थानों पर उम्मीदवार बदल दिया जाता है। वहीं झारखंड के लोहरदग्गा सीट पर बीजेपी सांसद सुदर्शन भगत तीन बार से सांसद थे। सुदर्शन भगत जातीय समीकरण के आधार पर भी मजबूत थे, लेकिन सर्वे रिपोर्ट में उनके प्रति थोड़ी नाराजगी दिखते ही बीजेपी ने उनका टिकट काट कर सुदर्शन उरांव को टिकट दे दिया। इस तरह भारी नाराजगी के बावजूद सलेमपुर में रवींद्र कुशवाहा का टिकट बरकरार रहा, जबकि झारखंड के लोहरदग्गा सीट पर सुदर्शन भगत का टिकट कट गया। सलेमपुर सांसद रवींद्र कुशवाहा का एक बयान यूं भी काफी चर्चा में रहा था कि मैं 2 बार सांसद रहा हूं, जबकि मेरे पिताजी 4 बार के सांसद रहे हैं, फिर भी मेरे घर के सामने का टंकी चालू नहीं हो पाया है।

# मतगजेंद्रनाथ में जलाभिषेक को उमडा सैलाब

## आज निकलेगी भोलेनाथ की बारात

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महाशिवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं की भीड़ शिवालयों में सवेरे से उमडी। मां मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने मतगजेंद्रनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की लाइन सवेरे तीन बजे से मंदिर में लगी देखी गई। सवेरे दस बजे तक तकरीबन एक लाख श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक कर चुके हैं। भीड़ का सैलाब जारी है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर के पुजारी प्रदीप महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि में पांच लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन करते हैं। इसी मंदिर से भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी।



जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर भोलेनाथ की बारात में विदेशी मेहमान आयेंगे। बारात को जबलपुर से स्पेशल बैंड मंगाया गया है। दिव्यजीवन दास ने बताया कि ये मंदिर त्रेता युग का है। यहां ब्रह्मा ने स्वयं आकर यज्ञ किया था। शिवलिंग स्थापित किया था। मान्यता है कि भगवान श्रीराम वनवास में आये थे तो इसी मंदिर में भोलेनाथ से रहने की आज्ञा ली थी।

## एलआईयू टीम ने महाशिवरात्रि पर्व पर की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरो में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय की अगुवाई में महाशिवरात्रि व रामायण मेला में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू संयुक्त टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट, रामायण मेला, रैन बसेरा व मतगयेन्द्रनाथ मन्दिर आदि स्थानों पर जांच की। जांच में संयुक्त टीम को कोई आपत्तिजनक वस्तु आदि नहीं मिला।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवसः दो महिला सिपाही सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ ने महिला सशक्तिकरण बाबत वर्चुअल कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी/सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने महिला सिपाहियों समेत पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में हिस्सा लिया। सभी जिलों से शामिल महिला अधिकारी/कर्मचारी से ड्यूटी दौरान अनुभवों की जानकारी ली।

शुक्रवार को महिलाओं से तालमेल कर समस्याओं को सुनना व निस्तारण करवाने में किये प्रयासों की जानकारी ली। महिला बीट सिपाहियों ने बीट पुलिसिंग अनुभव साझा किये। सभी को निर्देश दिये कि मिशन शक्ति अभियान व शक्ति दीदी के तहत महिला सशक्तिकरण बाबत ज्यादा कार्यक्रम करें। महिलाओं/बालिकाओं से सम्पर्क कर महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक करें। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन/सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित महिला सेल में तैनात महिला सिपाही माद्री तोमर व सम्मन सेल में तैनात महिला सिपाही पूनम यादव से महिला सशक्तिकरण बाबत सराहनीय कार्यों के लिये मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कहा कि भविष्य में लगन व मेहनत से कर्तव्यों का निर्वहन करें।



महिला सिपाहियों को सम्मानित करती सीओ।

## बरूआ नहर जल्द चलवायें: विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि किसानों की फसल सिंचाई को शेष बची फसलों की सिंचाई को बरूआ नहर अभी से बंद कर दी गई है। किसानों की फसलें सूख रही हैं। किसान बेहद परेशान हैं। सपा सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि किसानों के हित को देखते हुये बरूआ नहर चालू करना जनहित में जरूरी है। अभी हजारों बीघा फसलों की सिंचाई नहर न चलने से नहीं हुई। नहर चलवाकर उन्हें बताया जाये।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

## गुप्त गोदावरी की तीसरी गुफा से बढ़ेगा भू-पर्यटन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** हाल ही में गुप्त गोदावरी के पास तीसरी गुफा का पता चलने पर भू-वैज्ञानिकों के आकर्षण केंद्र है। देश के भू-वैज्ञानिक गुफा के बारे में अध्ययन करने यहां आये हैं। चित्रकूट क्षेत्र में ग्लोबल जियो पार्क सम्भावना परीक्षण को आयी टीम के प्रमुख भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ सतीश त्रिपाठी व टीम के सदस्य डीएसएन कॉलेज उन्नाव के भूगोल विभाग के डॉ अनिल साहू ने तीसरी गुफा का सर्वेक्षण किया।

शुक्रवार को टीम ने बताया कि गुप्त गोदावरी पहाड़ी तिरोहन लाइमस्टोन चूना पत्थर से बनी है। पहाड़ी पर पेड़-पौधों की जड़ों के जल चट्टानों को घुलाकर गुफा बनाई है। गुप्त गोदावरी पहली व दूसरी गुफा का निर्माण हजारों वर्ष पहले इसी प्रक्रिया से हुआ है। पहाड़ी में धीरे-धीरे और गुफायें इसी प्रक्रिया से विकसित हो रही हैं। तीसरी गुफा के अंदर खोजी दल ने गुफा की संरचना व स्थित स्थलरूपों का अध्ययन किया। टीम सदस्य डॉ अनिल साहू ने बताया कि गुफा का मुहाना 3-4 फीट व्यास का है। एक आदमी मुश्किल से रेंगकर प्रवेश कर सकता है। गुफा छह फीट ऊंची है। दो भागों मे विभक्त है। प्रतीत होता है कि लाइमस्टोन चट्टानों के बीच मिट्टी घुलने से रिक्त स्थान बना है। जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ पीपी शर्मा ने डॉ सतीश त्रिपाठी के हवाले से बताया कि पूरे क्षेत्र में और भी गुफायें होंगी। जिन्हें खोजने को भू-पर्यटन मानचित्र पर लाने की जरूरत है। क्षेत्र के युवाओं को सही प्रशिक्षण दिया जाये तो क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



गुफा के बाहर बैठे वैज्ञानिक।

## तीन जुआरी जुआ खेलते दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने बालचंद्र पुत्र भैयालाल, सोनू सोनकर पुत्र सुंदरलाल व अजय कुमार पुत्र नत्थू प्रसाद निवासी सुभाषनगर कस्बा मानिकपुर को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 15 सौ रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी से 780 रुपये बरामद किये। जुआरियों के थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, सिपाही अजीजुद्दीन व गजेंद्र सिंह शामिल रहे।




पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

## शव शिनाख्त में करें मदद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बरगढ थाने में अज्ञात व्यक्ति के टे्ढ्रन से कटकर मरने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर देखा कि अज्ञात पुरूष का शव है। उम्र 20 वर्ष प्रतीत हो रही है। जीन्स पैन्ट बैगनी रंग, हुडी धानी कलर व फुल टीशर्ट गहरी नीली, चमडे का बेल्ट पहने था। लम्बाई तकरीबन पांच फिट चार इंच है। मृतक का रंग गन्दुम व चेहरा लम्बा है। शव की शिनाख्त को सीओ मऊ नं- 9454401357, 9305101115, प्रभारी निरीक्षक बरगढ के नं 9454403204,9305101105 पर फोन कर जानकारी दे सकते हैं।

## एसपी के निर्देश पर 11 पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर अंकुश लगाने को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने भोली-भाली जनता में भय, आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले बरमदीन पुत्र चुन्नीलाल, संतोष पुत्र केवल, छोटेलाल पुत्र रामसिया, रज्जन पुत्र चुन्नीलाल निवासी हस्ता, ननकवा पुत्र चुन्नीलाल, सुग्गन पुत्र चुन्नीलाल, चुन्नीलाल पुत्र भगवानदीन निवासी तीरधुमाई गंगू, रामदास पुत्र चुन्ना, जगदीश पुत्र जगन्नाथ, रामनरेश पुत्र चुन्ना निवासी सुरवल व फूल कुमार पुत्र बब्बू निवासी नैनी के विरुद्ध 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की।

## गैस-चूल्हे से लगी आग से घर-गृहस्थी स्वाहा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ थाने के हटवा गांव के पप्पू पुत्र मुन्ना की मां उज्जवला गैस से कच्चे घर में खाना पका रही थी। अचानक गैस चूल्हे ने आग पकड़ ली। उसका पूरा घर जलकर राख हो गया। गृहस्थी का तकरीबन ढाई लाख का सामान नष्ट हो गया।

ये हादसा शुक्रवार को हुआ। बताया गया कि हटवा गांव की पप्पू की मां उज्जवला गैस में खाना पका रही थी। अचानक गैस से लगी आग से कच्चा घर पूरा जलकर राख हो गया। गृहस्थी का सामान भी पूरा जल गया। कोई जनहानि नहीं हुई। पीडित ने बताया कि कच्चा घर जलने व गृहस्थी का सामान जलने से उसके सामने आर्थिक तंगी आ गई है। उसने प्रशासन से गुहार लगाई कि उसे आर्थिक मदद दिलाई जाये।

# लोस चुनाव में होगा भाजपा का सफायाः अनिल प्रधान

## सपा का बूथ-सेक्टर सम्मेलन सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी बूथ सेक्टर सम्मेलन विधानसभा अध्यक्ष राजा बाबू यादव की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में अन्या पैलेस में हुआ। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव समेत लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सपा नेता/प्रत्याशी/पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल की मौजूदगी में पार्टी के बूथ सेक्टर अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए लोकसभा चुनाव में जीत के गुर बताये।

सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने गुरुवार को हुए सम्मेलन में कहा कि ये लोकसभा चुनाव तय करेगा कि देश संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान से चलेगा या आरएसएस की विचारधारा से। लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण चुनाव है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की लोकप्रियता लगातार बढी है। सपा विकास कार्यों की दलित-पिछड़ा समाज व आदिवासियों में चर्चा है। भाजपा के कारगुजारियों से देश का पिछड़ा, दलित, शोषित समाज, मजदूर, महिलायें सभी दुखी हैं। लोकसभा चुनाव में आम जनता वोट से जवाब देगी। पार्टी प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल ने कहा कि सपा बांदा संसदीय क्षेत्र में बहुत मजबूत है। सपा के विकास कार्यों की आम जनता में चर्चा है। दोनों जिलों की जनता भाजपा का सफाया करने का मन बना चुकी है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि भाजपा दोहरे चरित्र की पार्टी है। गरीब, पिछड़ा, नौजवान, मजदूर व किसान भाजपा में सुरक्षित नहीं है। आगामी चुनाव में भाजपा का सफाया होने जा रहा है। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के जुमले व झूंठ को जनता जान चुकी है। अब झूंठ बोलने की मशीन खत्म हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी असफल मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। सम्मेलन में प्रदेश सचिव आत्माराम यादव, बांदा के पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम बांदवी, सत्यनारायण पटेल, कृष्णा पटेल, दयाराम यादव, निर्भय सिंह पटेल, सीताराम कश्यप, मो गुलाब खान, निजाम सिद्दीकी, मंगल सिंह यादव, सूरज सिंह पटेल, मेघराज प्रजापति, त्रिभुवन सिंह यादव, लाल बहादुर निषाद, हरिश्चंद्र सोनकर आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री सत्यनारायण पटेल ने किया।



कामतानाथ के दर्शन करते सपा नेता।

## घर से भागे बालक को परिजनों के सुपुर्द किया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आपरेशन मुस्कान में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने मां की डांट के डर से घर से भागे बालक को परिजनों के सुपुर्द किया। शुक्रवार को सवेरे दस बजे चैकी प्रभारी सरैंया को 11 वर्षीय बालक जितेन्द्र मिला। अपनी मां की डांट के डर से घर से भाग आया था। चैकी प्रभारी ने बालक से पता पूंछा तो सही नहीं बता रहा था। चैकी प्रभारी के प्रयास से बालक के परिजनों की जानकारी हुई तो बालक को चमरुवा गांव मजरा इटवां थाना रैपुरा के पिता बबोचन यादव पुत्र स्व धर्मपाल यादव को दूरभाष से चैकी बुलाकर बालक को सौंपा। पुलिस की तत्परता पर बबोचन यादव ने पुलिस के प्रति आभार जताया। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, दीवान दशरथराम व सिपाही मनोज कुमार शामिल रहे।

# महिला का अपहरण करने में तीन महिलायें गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में थानाध्यक्ष मारकुण्डी की टीम ने महिला का अपहरण करने वाली तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि सात मार्च 2024 को श्रीमती रीता पुत्री रामकुमार निवासी सांगापुर थाना कुंडा जिला प्रतापगढ़ ने मारकुण्डी थाने में तहरीर दी कि वह पति के साथ सीधी मप्र निमंत्रण में गयी थी। पति बारात चले गये, इसी बीच तीन महिलायें उन्हें सीधी मप्र से पति से मिलाने के नाम पर गाड़ी में बैठाकर लायी। नशीला पदार्थ पिलाकर अपहरण कर लिया। मारकुण्डी क्षेत्र में आने पर होश आया। शक हुआ तो चिल्लाने पर छोड़कर भाग गयी। पुलिस ने मामला दर्जकर मुखबिर की सूचना पर छोटी पाटिन मोड़ से नामजद सुनीता यादव पत्नी पप्पू यादव निवासी गणेशपुरा थाना कुरावली जिला मैनपुरी, ममता यादव पत्नी वृजेन्द्र यादव निवासी गोलासर्जनपुर थाना बागबाला जिला एटा व संध्या पत्नी सर्वेन्द्र यादव निवासी गणेशपुरा थाना कुरावली जिला मैनपुरी को गिरफ्तार किया।

टीम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार, दरोगा इंदल सिंह, महिला सिपाही शिवानी गौर, सिपाही प्रद्युम्न दुबे व लालू यादव शामिल रहे।



मारकुण्डी पुलिस की गिरफ्त में महिलायें।

## अज्ञात मृतका की हुई शिनाख्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाने के बाबूपुर चेकडैम में मिली 35 वर्षीय महिला के शव की शिनाख्त हो गई। मृतका के भाई ननका ने बताया कि बहन का नाम फूलकुमारी पुत्री बलदेव निवासी इटवां थाना रैपुरा है। वह मऊ थाने के बसरेही गांव में गणेश को ब्याही थी। गणेश ने भी उसकी शिनाख्त बतौर पत्नी की थी, अब वह बदल गया है। कहता है कि मृतका उसकी पत्नी नहीं है। मृतका के भाई ननका ने बताया कि थाना पुलिस भी कहती है कि अपनी बहन को अभी खोजो।

## 20 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा संजय सिंह ने मुन्नीलाल राजपूत पुत्र चुनकावन निवासी लौढ़िया माफी के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उस पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा संजय सिंह, सिपाही नन्हे यादव व अजीत यादव शामिल रहे।

## मिशन नारी शक्ति के अभियान फेल, महिला सफाई कर्मी को नहीं मिल रहा न्याय, प्रधान पति व सहयोगी घूम रहे खुलेआम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के खोही परिक्रमा मार्ग चौकी के भगनपुर की महिला सफाई कर्मी उषा देवी व पति के साथ मारपीट करने वाले प्रधान पति दिनेश कुमार पटेल व लवलेश कुमार पटेल के विरूद्ध कोतवाली कर्वी में गंभीर धाराओं में मामला दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही। महिला सफाई कर्मी डरी-सहमी है। शुक्रवार को पीड़िता ने बताया कि प्रधान पति व सहयोगी के खिलाफ मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। दबाव के चलते प्रधान पति ने सुलहनामा के कागज बनवा लिये थे। सुलहनामे से पहले मुकदमा दर्ज हो गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों को नहीं पकड़ा। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़िता व पति के साथ अनहोनी हो सकती है।

सरकार के मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करने के मिशन नारी शक्ति के नाम पर बड़े-बड़े दावे किये जा रहे हैं। दावे जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं। आठ मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीड़िता सफाई कर्मी को न्याय नहीं मिल रहा। न्याय पाने को दर-दर भटक रही है। आरोपी प्रधान पति दिनेश कुमार पटेल व लवलेश कुमार पटेल खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा। पीड़िता को आशंका है कि ये कोई अनहोनी कर सकते हैं।



विशाल भाई का स्वागत करते सपा जिलाध्यक्ष व प्रत्याशी।

# समाजसेवी विशाल टीम समेत सपा में शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों पर आस्था जताते हुए जिले के युवा समाजसेवी/बुंदेली आवाज किसान मंच के अध्यक्ष विशाल भाई ने टीम समेत सपा की सदस्यता ग्रहण की। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने विशाल भाई की टीम को सपा की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि विशाल भाई के पार्टी में आने से लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल की जीत तय है। विशाल भाई लोगो के बीच रहकर दुख-दर्द में शामिल होते हैं। समाज में उनकी अच्छी छवि से पार्टी को लाभ मिलेगा।

शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष ने विशाल भाई, सूरज बली कोटार्य, ईश्वरचंद्र पटेल, मैका वर्मा, रामप्रसाद श्रीवास, कल्लू वर्मा, सुरीजपाल कोटार्य, राजू यादव, संजय पाल को सपा की सदस्यता ग्रहण कराई। सपा प्रत्याशी /पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने विशाल भाई को माला पहनाकर स्वागत किया।

# विदेश संदेश

## नेपाल की मेयर को लंदन में मिला अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**नेपाल।** भरतपुर की मेयर रेणु दाहाल को इंटरनेशनल मेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यूके के हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित समारोह में रेणु दाहाल को यह सम्मान प्रदान किया गया। लंदन के मेयर सादिक खान ने दाहाल को इंटरनेशनल मेयर अवार्ड से सम्मानित किया। पॉलिटिकल एंड पब्लिक लाइफ अवार्ड की कैटोगरी में नेपाल के भरतपुर की मेयर को यह अवार्ड दिए जाने की जानकारी दी गई है। मेयर दाहाल नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की बडी बेटी हैं। यह लगातार दूसरी बार है जब रेणु दाहाल भरतपुर की मेयर निर्वाचित हुईं। अवार्ड मिलने के बाद मेयर रेणु दाहाल ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर का सम्मान काफी मायने रखता है। महिला दिवस के अवसर पर मिले इस सम्मान के बाद रेणु दाहाल ने बताया कि इससे उनको अपने क्षेत्र की जनता के लिए और अधिक अच्छे काम करने की प्रेरणा मिली है। विकास के मामले में भरतपुर नगरपालिका देश में अग्रणी स्थान में है। अपने विकास के कारण ही जनता ने उन्हें लगातार दूसरी बार मेयर में निर्वाचित किया था।

## बांग्लादेश में बस पलटी, तीन यात्रियों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर के भांगा उपजिला में आज (शुक्रवार) सुबह एक यात्री बस पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य घायल हो गए। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, यह हादसा ढाका-बारिसल राजमार्ग पर बबनाटाला बस स्टैंड के पास हुआ। सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा और राजमार्ग पुलिस के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को भांगा उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। भांगा फायर सर्विस स्टेशन के प्रबंधक अबू जफर ने कहा कि सभी शव पुलिस स्टेशन भेज दिए गए हैं। यह बस इमरान ट्रेवल्स की है। यह तड़के बरिसल से ढाका के लिए रवाना हुई थई। चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया। इससे बस सड़क पर पलट गई। भांगा हाइवे पुलिस के सहायक उप निरीक्षक अबू सईद ने कहा कि मृतकों में से एक की पहचान 45 वर्षीय शफीकुल इस्लाम सुरुज के रूप में हुई है।

## नाइजीरिया में चरमपंथियों ने 200 लोगों का अपहरण किया

**अबूजा।** नाइजीरिया में इस्लामी चरमपंथियों ने हिंसा के कारण विस्थापित हुए कम से कम 200 लोगों को चाड से लगी सीमा के निकट लकड़ी तलाश करते समय अगवा कर लिया। नाइजीरिया में स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि अगवा किए गए लोगों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि पीड़ित बोर्नो राज्य के गैंबोरू नगाला परिषद क्षेत्र में जलावन लकड़ी की तलाश में कई विस्थापन शिविरों से निकले थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला करके बंधक बना लिया गया। नाइजीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय समन्वयक मोहम्मद फॉल ने एक बयान में कहा, अगवा किए गए लोगों की सटीक संख्या पता नहीं चल पाई है, लेकिन अनुमान है कि 200 से अधिक लोगों का अपरण किया गया है।

फॉल ने कहा, अज्ञात संख्या में वृद्ध महिलाओं और 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कथित तौर पर रिहा कर दिया गया है, लेकिन कई लोगों का पता नहीं चल पाया है।

## मानवीय सहायता के लिए गाजा में 'अस्थायी बंदरगाह' बनाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका ने वहां एक अस्थाई बंदरगाह बनाने का निर्णय किया है। इसकी घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में करेंगे। यह जानकारी एक अधिकारी ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी।

अधिकारी ने बताया,"आज रात अपने भाषण में, राष्ट्रपति बाइडेन अमेरिकी सेना को गाजा तट पर भूमध्य सागर में एक अस्थाई बंदरगाह बनाने का निर्देश देंगे। इसके जरिए गाजा के नागरिकों को भोजन, पानी, दवा और अस्थायी आवास की सुविधा प्रदान की जाएगी।"

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अधिकारी के हवाले से बताया कि बंदरगाह कुछ ही हफ्तों में चालू हो जाएगा।

अधिकारियों ने योजना के बारे में बताते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अपने सहयोगियों की भागीदारी से इस कार्य को अंजाम देगी।

## सुधा मूर्ति के पास इंफोसिस के 5,600 करोड़ रुपये के शेयर



**नई दिल्ली।** संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सदस्य के तौर पर मनोनीत की गईं सुधा मूर्ति के पास सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस में 0.83 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसका मूल्य मौजूदा कीमतों के आधार पर लगभग 5,600 करोड़ रुपये है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उन्हें राज्यसभा में मनोनीत किए जाने पर जानकारी देते हुए प्रसन्नता जताई है। इस घोषणा को सुधा मूर्ति ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मिला बड़ा तोहफा बताया है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में दाखिल नवीनतम शेयरधारिता सूचना के अनुसार सुधा मूर्ति के पास इंफोसिस के 3.45 करोड़ शेयर हैं। बीएसई पर इंफोसिस का मौजूदा बाजार भाव 1,616.95 रुपये प्रति शेयर है।

इस हिसाब से इंफोसिस में उनकी हिस्सेदारी का मूल्य 5,586.66 करोड़ रुपये है। उनके पति एनआर नारायण मूर्ति के पास कंपनी के 1.66 करोड़ इक्विटी शेयर हैं, जिनकी वैल्यू 2,691 करोड़ रुपये है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## स्वीडन नाटो का 32वां सदस्य देश, बाइडेन ने दी बधाई




**स्टॉकहोम।** आखिरकार स्वीडन को कल (गुरुवार) 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) में शामिल कर लिया गया। नाटो के सचिव जनरल जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा है कि 'यह एक ऐतिहासिक दिन है। स्वीडन को अब नाटो में एक अधिकारपूर्वक जगह मिलेगी और उसकी बात का भी नाटो की नीतियों और फैसलों में ध्यान रखा जाएगा।' उन्होंने कहा कि '200 वर्ष ज्यादा समय तक गुट निरपेक्ष रहने के बाद स्वीडन को भी अब अनुच्छेद 5 के तहत सुरक्षा की गारंटी मिलेगी।' स्वीडन सरकार की कल विशेष बैठक के बाद इसकी घोषणा की गई। अब ब्रुसेल्स में नाटो मुख्यालय के बाहर स्वीडन का झंडा भी दिखना शुरू हो जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक्स हैंडल पोस्ट पर इस घोषणा का स्वागत करते हुए इसके लिए स्वीडन को बधाई दी है। स्वीडन के समाचार पत्र द लोकल स्वीडन के अनुसार, क्रिस्टर्सन ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ एक बैठक में स्वीडन के परिग्रहण का दस्तावेज सौंपा। इसी के साथ 200 से अधिक वर्ष की तटस्थता और गुटनिरपेक्षता का अंत हो गया। यह हस्तांतरण स्वीडिश समयानुसार शाम 5:25 बजे हुआ। स्वीडन नाटो का 32वां सदस्य देश होगा। इस मौके पर ब्लिंकन ने कहा, "इंतजार करने वालों को अच्छी चीजें मिलती हैं। इससे बेहतर कोई उदाहरण नहीं है।" उन्होंने इसे "एक ऐतिहासिक क्षण" बताया। उल्लेखनीय है कि नाटो का गठन 1949 में हुआ था। तब इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस समेत 12 देश थे। अब स्वीडन समेत सदस्य देशों की संख्या 32 हो गई है। शुरू में नाटो का उद्देश्य सोवियत संघ के विस्तार को रोकना था। सभी ने संकल्प लिया था कि नाटो के किसी भी सदस्य पर हमला सभी सदस्य देशों पर हमला माना जाएगा। नाटो की कोई सेना नहीं है, लेकिन सभी सदस्य देश एकजुट होकर संकट में कार्रवाई कर सकते हैं। नाटो देश संयुक्त सैन्य अभ्यास भी करते हैं। नाटो के प्रमुख सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन, तुर्किये, अल्बानिया, बुल्गारिया, हंगरी, पोलैंड, द चेक रिपब्लिक, स्लोवाकिया, रोमानिया, लिथुआनिया, लातविया, एस्टोनिया और फिनलैंड प्रमुख हैं।

# महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नेपाल।** करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र पवित्र पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की। बीती रात करीब 12 बजे से ही मंदिर परिसर के पास श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई। शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक 11 लाख से अधिक भक्तों के पशुपतिनाथ दर्शन की जानकारी दी गई।

पशुपति क्षेत्र विकास कोष के सदस्य सचिव राजू खत्री द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक महाशिवरात्रि के दिन पूरे समय मंदिर के चारों कपाट खोल दिए जाते हैं ताकि भक्तों को दर्शन की सुविधा हो सके। मंदिर परिसर में 10 स्थानों से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा है। शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आसपास की सड़कों पर वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया है। काठमांडू के चार मुख्य सडकों पर ट्रैफिक डाइवर्जन किया गया है।

पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल और सेना के जवानों की तैनाती की गई है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता भीम प्रसाद ढकाल ने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में करीब 10 हजार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। सीसीटीवी और ड्रोन से भी चारों तरफ नजर रखी जा रही है। पुलिस और सेना की तरफ से एंबुलेंस, पेयजल, घुम्ती अस्पताल और स्वास्थ्य शिविर की भी व्यवस्था है।

पशुपति क्षेत्र विकास कोष के तरफ से बताया गया है कि भारत से करीब 3 से 4 लाख लोगों का काठमांडू आना हुआ है। हजारों की संख्या में नागा साधु और कई अखाड़ा के साधु काठमांडू पहुंचे हैं। गुजरात, महाराष्ट्र सहित दक्षिण भारत से सबसे अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं।

# रूसी हमले में राष्ट्रपति जेलेंस्की और ग्रीक के प्रधानमंत्री बाल-बाल बचे, काफिले से 500 मीटर की दूरी पर गिरी मिसाइल

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और ग्रीक के प्रधानमंत्री किरिआकोस मिट्सोटाकिस रूसी मिसाइल हमले में बाल-बाल बच गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ग्रीक के प्रधानमंत्री किरिआकोस के साथ जब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की काला सागर तट पर बंदरगाह शहर ओडेसा पहुंचे तो एक रूसी मिसाइल उनसे कुछ ही दूरी पर आ गिरा। इस हमले से दोनों नेता हतप्रभ रह गए। हमले में पांच लोगों की मौत हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार चौंकाने वाली इस घटना के दौरान जेलेंस्की के काफिले से करीब 500 मीटर की दूरी पर मिसाइल विस्फोट के बाद आकाश में धुआं उठता हुआ दिखा। दोनों नेता यूक्रेनी अनाज निर्यात कोरिडोर का निरीक्षण करने गए थे। यूक्रेनी नौसेना के प्रवक्ता दिमित्री प्लेटेंचक ने कहा कि हमले में मौत के अलावा कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। हालांकि, दोनों नेताओं तक इसकी आंच नहीं पहुंची। जेलेंस्की और मिट्सोटाकिस ने प्रेसवार्ता कर कहा कि वे दोनों इस घटना के गवाह हैं।वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया कि उसका उद्देश्य हमले के लिए तैयार यूक्रेनी नौसेना ड्रोनों को नष्ट करना था, जिसे हासिल कर लिया गया।

यूक्रेनी प्राधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि बीते 24 घंटे में रूसी हमले में कम से कम सात लोग मारे गए हैं और 15 अन्य घायल हुए हैं।

डोनेस्क, खार्कीव व खेरसान के क्षेत्रीय कार्यालयों के अनुसार, ओडेसा में पांच सैनिकों के अलावा अन्य जगहों पर दो नागिरकों को भी जान गवांनी पड़ी है। वहीं, यूक्रेनी सेना 2024 में रूस को करारा जवाब देने की तैयारी में है। इसमें पश्चिम एशिया में गाजा में युद्ध छिड़ जाने से बाधा पहुंची है।

# इजराइल में मारे गए भारतीय श्रमिक का शव भारत भेजने की तैयारी

**तेल अवीव।** इजराइल में लेबनान से दागी गई टैंक रोधी मिसाइल के हमले में मारे गए भारतीय श्रमिक पी. मैक्सवेल का शव गुरुवार देर रात भारत के लिए रवाना किया जाएगा। मैक्सवेल (30) केरल के कोल्लम के रहने वाले थे।

इजराइल के गृह मंत्री मोशे अर्बेल, जनसंख्या एवं आव्रजन प्राधिकरण (पीआईबीए) के महानिदेशक, इजराइली विदेश मंत्रालय के अधिकारी और भारतीय दूतावास के वरिष्ठ राजनयिक गुरुवार शाम श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 140 के जरिए इजराइली समयानुसार 21:10 बजे शव दिल्ली ले जाया जाएगा और वहां से शुक्रवार को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे निर्धारित एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 801 से तिरुवनंतपुरम भेजा जाएगा। इजराइल के उत्तर में गैलील क्षेत्र में सोमवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुए टैंक रोधी मिसाइल हमले में मैक्सवेल की मौत हो गई थी। जिव अस्पताल में उनके शव की पहचान की गई थी।

हमले में सात अन्य कर्मचारी घायल हो गए, जिनमें केरल के मूल निवासी दो भारतीय भी शामिल हैं। हमले में वाजाथोप के निवासी 31 वर्षीय बुश जोसेफ जॉर्ज और वागामोन के रहने वाले 28 वर्षीय पॉल मेल्विन घायल हो गए थे,

# बदलने वाला है एम्सटर्डम का रेड लाइट डिस्ट्रिक्ट

दुनिया भर के पर्यटकों में अपने संग्रहालयों और नहरों के लिए मशहूर नीदरलैंड्स का एम्सटर्डम शहर अपने रेड लाइट डिस्ट्रिक के लिए भी जाना जाता है. लेकिन अब प्रशासन उसे शहर के सेंटर से हटाकर कहीं और बसाना चाहता है.

रात के अंधेरे में ये शहर जगमगाता है. नहरों की लहरों पर अपना प्रतिबिंब बनाती स्ट्रीट लाइट्स इसकी सुंदरता में चार चांद लगा देती हैं. लोग यहां मौज-मस्ती के लिए आते हैं. कैनाल क्रूज पर पार्टी करते हैं. गांजे के शौकीन टूरिस्टों के लिए यह एकदम परफेक्ट जगह है क्योंकि एम्सटर्डम में आकर लोग वैध रूप से इसे स्मोक कर सकते हैं. मगर पार्टी करने आये टूरिस्ट अपना आपा खो देते हैं, जिसकी वजह से प्रशासन थोड़ा सख्त हुआ है.

दुनिया के सबसे मशहूर शहरों में शामिल एम्सटर्डम ने 2023 में रेड-लाइट एरिया में सार्वजनिक रूप से वीड यानी गांजा स्मोकिंग पर बैन लगा गया. ये आपराधिक और असामाजिक व्यवहार से निपटने के लिए किया गया. इस बड़ी घोषणा के पीछे एम्सटर्डम की पहली महिला मेयर फेमके हल्सेमा हैं. उनके मुताबिक, वो शहर को स्थानीय लोगों के लिए ज्यादा रहने लायक बनाना चाहती हैं. वह शहर में सेक्स और ड्रग्स से हटकर टूरिज्म को बढ़ावा देना चाहती हैं.

**गांजा स्मोकिंग पर सख्त नियम**

नए नियम के अनुसार, ड्रिंकिंग आवर्स कम होंगे, कैफे जल्दी बंद होने लगेंगे, बार, रेस्तरां, ब्रॉथेल, सेक्स शॉप और स्ट्रिप क्लब भी जल्दी बंद होंगे. यह पाबंदी सिर्फ रेड लाइट डिस्ट्रिक्ट के पास के इलाके में ही लागू होती है. अगर लोकल या टूरिस्ट प्रतिबंधित जगह पर स्मोक करते पाए गए तो 100 यूरो का जुमार्ना लगेगा. साथ ही, सड़कों पर पेशाब करने और शराब के सेवन पर भी जुमार्ना देना होगा. अगर इसके बाद भी स्थिति काबू में नहीं आती, तो वीड स्मोकिंग को टेरेस और कॉफी शॉप्स में भी बैन कर दिया जाएगा.

नीदरलैंड्स में गांजा सेवन तकनीकी रूप से अवैध है. मगर 1975 में इसे 5 ग्राम से कम मात्रा में रखने को अपराध की श्रेणी से हटा दिया गया था. एम्सटर्डम को छोड़कर बाकी इलाकों में सिर्फ डच निवासियों को कॉफी शॉप्स (वीड स्टोर्स) से वीड खरीदने की अनुमति है. हेल्थ मिनिस्ट्री एंड सिटी डाटा के अनुसार, नीदरलैंड्स में करीब 570 कॉफी शॉप्स हैं, जिसमें से 166 एम्सटर्डम में हैं.

23 साल के डच नागरिक यारिन स्लूटवेक ने डीडब्ल्यू से बात करते हुए कहा, "गांजा काफी हद तक एम्सटर्डम और कुछ हद तक डच संस्कृति का हिस्सा है. मैं ऐसे कुछ लोगों को जानता हूं जिन्होंने कभी भी किसी भी रूप में वीड का सेवन नहीं किया है. मुझे लगता है कि ड्रग्स पर उदार, सहिष्णु नजरिया डच संस्कृति का एक अभिन्न अंग है और मैंने हमेशा एम्सटर्डम को इस पहलू में अग्रणी पाया है.ह्ढ

उन्होंने आगे कहा, "मुझे लगता है कि यह प्रतिबंध सिर्फ राजनीतिक दिखावा हो सकता है. शहर में टूरिस्ट व्यवधान एक परेशानी है और यह ड्रग्स के इस्तेमाल पर 'सख्त रुख' के रूप में मार्केटिंग किए जाने वाले समाधान की तरह लगता है.ह्ढ

**लोकल लोगों को होती है परेशानी**



© Robin Utrecht/picture alliance

पार्टी करने आये पर्यटकों का व्यवहार एक परेशानी है. इसके लिए कई अभियान भी चलाए गए जैसे स्टे अवे, स्टॉप द मैडनेस वगैरह. प्रोफेसर गेरिट्समा ने बताया कि कैसे टूरिस्ट व्यवहार मुद्दे ने कानूनों और नियमों में हालिया बदलावों को जन्म दिया है. टूरिज्म, जो एक समय एक सकारात्मक शक्ति थी, अब चुनौतियां खड़ी कर रहा है.

डीडब्ल्यू से बात करते हुए इनहॉलैंड यूएएस में एसोसिएट प्रोफेसर और अर्बन लेजर और टूरिस्ट लैब की लैबलीड रोस ने कहा कि पिछले दशक में कुछ जिलों, खासकर रेड-लाइट डिस्ट्रिक्ट में उपद्रवी पार्टियों से स्थानीय शांतिभंग के मामलों में इजाफा हुआ है. वे बताती हैं कि इसका मकसद जिम्मेदार टूरिज्म को बढ़ावा देना और पर्यटकों के व्यवहार में बदलाव लाना है, जिससे स्थानीय लोगों को कोई परेशानी न हो और शहर रहने लायक बना रहे.

रोस का मानना है, "मौजूदा पैटर्न और आदतों को बदलने के लिए न केवल सार्वजनिक जागरूकता की जरूरत है बल्कि प्रभावी लागू सिस्टम भी महत्वपूर्ण है. ये थोड़ा मुश्किल भी हो सकता है क्योंकि इसमें वित्तीय संसाधनों और नए नियमों की निगरानी और कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मी भी होने चाहिए."

वहीं डच नागरिक स्लूटवेक कह-के हैं, "मैं तो नशीले पदार्थों खासकर वीड पर बैन लगाने या उन्हें अवैध घोषित करने के सख्त खिलाफ हूं. मगर एम्सटर्डम खासतौर पर आपा खो देने वाले टूरिस्टों से जूझ रहा है. ऐसा इसलिए क्योंकि उनके देशों में वीड अवैध है. इस हालत को देखते हुए मुझे यह कदम बुरा नहीं लगता. वैसे भी जब तक यह सिर्फ रेड लाइट एरिया में बैन है, तब तक कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए. यह एरिया जाहिर तौर पर ज्यादा जोखिम से भरा है.ह्ढ

**रेड लाइट डिस्ट्रिक्ट पर पड़ेगा असर**

रेड लाइट डिस्ट्रिक्ट को लेकर एक प्रस्ताव भी चर्चा में बना हुआ है. इसके मुताबिक, रेड लाइट डिस्ट्रिक्ट को अपनी मौजूदा जगह से हटाकर कहीं और कर दिया जाएगा. शहर की मेयर की योजना ह्यइरोटिक सेंटर' बनाने की है. इस सेंटर में सेक्स वर्करों के लिए एक नियंत्रित और केंद्रीकृत वातावरण की बात कही गयी है. प्रोफेसर गेरिट्समा ने कहा कि नगर पालिका इन नियमों को सेक्स वर्करों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जरूरी मानती है. नए लागू हुए नियमों से सेक्स वर्करों, बार और रेस्तरां के जल्दी बंद होने से एम्सटर्डम में नाइटलाइफ पर असर पड़ेगा. इन बदलावों का मकसद एक सुरक्षित माहौल बनाना है. इन नए नियमों के प्रभाव को सेक्स वर्करों, बार और रेस्तरां के नजरिये से समझना होगा.

स्लूटवेक कहते हैं, "ज्यादातर डच नागरिकों के लिए रेड लाइट डिस्ट्रिक्ट कुछ खास नहीं है. यह टूरिस्टों के एक आकर्षण है. क्योंकि उनके देशों में तुलनात्मक रूप से इन मामलों में बहुत सख्ती है. यहां लोग ज्यादा उदार और खुली नीति में पले-बढ़े हैं. इसलिए मुझे नहीं लगता कि रेड लाइट डिस्ट्रिक्ट एम्सटर्डम संस्कृति में कोई प्रभावशाली भूमिका निभाता है. शायद एक बेहतर समाधान ये हो सकता है कि एम्सटर्डम में रेड लाइट जिले को केंद्र से हटाकर कई अन्य क्षेत्रों में टूरिज्म में बढ़ावा दिया जाना.ह्ढ

हालांकि, सेक्स वर्करों का कहना है कि मौजूदा स्थिति उनके लिए तुलनात्मक रूप से ज्यादा सुरक्षित है. प्रोफेसर गेरिट्समा बताती हैं कि सेक्स वर्कर अनौपचारिक तौर पर आपसी सुरक्षा करते हैं क्योंकि वे एक-दूसरे को जानते हैं. इन सुरक्षा उपायों में एक 'पर्दा सिस्टम' शामिल है जहां 15 मिनट या उससे ज्यादा समय पर परदे गिराए जाते हैं. प्रोफेसर बताती हैं कि इस दौरान सेक्स वर्कर अपने क्लाइंट का आंकलन करती हैं और क्लाइंट को भी निगरानी में रहने की बात महसूस होती है. इसके अलावा कमरों में इमरजेंसी बेल्स एहतियाती उपाय के रूप में काम करती हैं, जिससे संभावित खतरों पर तुरंत अलर्ट हो जाते हैं. सेक्स वर्कर समय सीमा लगने से अपनी कमाई में कमी आने की चिंता जता रहे हैं.

**बढ़ता टूरिज्म एक बड़ी समस्या**

एम्सटर्डम उन यूरोपीय शहरों में शामिल है, जहां पर्यटन चरम पर पहुंचा हुआ है. यहां हर साल करीब दो करोड़ टूरिस्ट आते हैं. मेयर फेमके हल्सेमा के मुताबिक, यह संख्या 2025 तक बढ़कर करीब तीन करोड़ पहुंच सकती है. यहां ओवरनाइट होटल स्टे 2006 में 80 लाख से बढ़कर 2016 में 1.4 करोड़ पहुंच गया. 2021 में सिटी ने और विजिटर्स को आने से रोकने के लिए दो करोड़ की सीमा तय कर दी थी. एम्स्टर्डम में वैन गॉग म्यूजियम, रिज्क्स म्यूजियम और ऐन फ्रैंक हाउस जैसे कई बड़े पर्यटक आकर्षण मौजूद हैं. यहां मौजूद 17वीं शताब्दी के टाउनहाउस और नहरें यूनेस्को की हेरिटेज साइट्स में शामिल हैं.

दिक्कत ये है कि बीते दशक में जिन कुछ जगहों का ओवर एक्सपोज हुआ उनमें रेड लाइट डिस्ट्रिक्ट भी शामिल है. इसके साथ आई चुनौतियों का सामना करने में स्थानीय लोगों और सरकार को संघर्ष करना पड़ रहा है. सरकार इस समस्या से निपटने के लिए टूरिज्म इंडस्ट्री में नए बदलाव लाना चाह रही है. एम्सटर्डम नॉर्थ में इससे जुड़ी योजनाएं विकसित करने में अर्बन टूरिज्म लैब नगर पालिका, कार्यकताओं और बाकी हितधारकों की मदद कर रही है. इससे अतिपर्यटन से जूझते शहरों में सकारात्मक बदलावों की रणनीति निकल सकती है.